तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 18.6 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार 11 मार्च 2026



10 एनजीटी का आदेश धुआं-धुआं, लैंड फिलिंग ...





12 युद्ध के दौरान मिडिल ईस्ट में फंसे भारतीयों को ...






## खबर संक्षेप

### निगम क्षेत्र में आज रहेगी पानी सप्लाई प्रभावित

**भिलाई।** भिलाई निगम के 77 एमएलडी जलशोधन संयंत्र एवं 66 एमएलडी जलशोधन संयंत्र में 33 के.व्ही.ए. फिल्टर प्लांटर सप्लाई अंतर्गत आने वाले उपभोक्ता के परिसर में इलेक्ट्रिक सप्लाई मंगलवार को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक बंद रही। जिसकी वजह से बुधवार 11 मार्च को कुछ वार्डों में पानी सप्लाई प्रभावित रहेगी।

### आईचर की टक्कर से ऑटो सवार बुजुर्ग की मौत



**कुम्हारी ।** राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर कुम्हारी महाराष्ट्र बैंक के पास सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। रात करीब 8 बजे देवभोग दूध डेयरी से मजदूरी कर ऑटो में गोगांव रायपुर लौट रहे मजदूरों से भरी ऑटो को टमाटर से भरी आईचर वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर में ऑटो सड़क पर ही पलट गया। उसमें सवार गोगांव निवासी 65 वर्षीय बुजुर्ग टीकाराम खूंटे का उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं ऑटो में सवार चार अन्य लोग बुरी तरह घायल है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि ऑटो सीजी 04टीए 1947 एवं आईचर वाहन 04 एनएन 3322 दोनों वाहनों को थाने में रखा गया है। दोनों वाहन भिलाई की ओर से रायपुर जा रहे थे। आईचर में टमाटर भरा हुआ था। हादसे में घायलों का उपचार अस्पताल में जारी है। पुलिस मामले में जांच में जुटी हुई है।

### हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** रंजिश के चलते युवक पर धारदार हथियार से हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि 14 फरवरी को कृष्णा नगर फरीद मोहल्ला निवासी सलमान उद्दीन शाम को अन्य मकान के पास खड़ा था। तभी कृष्णा नगर निजामी चौक हड्डी गोदाम के पास रहने वाला आरिफ कुरैशी वहां पहुंचा, पुरानी बातों को लेकर सलमान से विवाद करना शुरु कर दिया। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी भी दी। आरोपी अपने पास रखे धारदार हथियार से सलमान पर हमला कर दिया। आरोपी ने हत्या करने की नियत से सलमान के दाहिने गाल और बाएं सीने में वार किया था। जिससे उसे गंभीर चोट आई थी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से आरोपी फरार हो गया। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी आरिफ कुरैशी को पकड़ लिया।

### फरार दो आरोपियों को खोजने राजस्थान गई पुलिस को अब तक नहीं मिला सुराग

# अफीम की कटाई पूरी... इधर भाजपा नेता सहित दोनों आरोपियों की पुलिस रिमांड दो दिन और बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

जेवरा-सिरसा पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम समोदा में अफीम की खेती मामले में पुलिस ने पकड़े गए भाजपा नेता विनायक ताम्रकार, मनीष ठाकुर और विकास विश्नोई को मंगलवार की दोपहर करीब साढ़े 3 बजे कोर्ट में पेश किया।

न्यायाधीश पीएस मरकाम के न्यायालय में आरोपियों को पेश किया गया। इस दौरान पुलिस ने आरोपियों की पांच दिन की रिमांड और मांगी। इस पर विशेष लोक अभियोजक सूरज शर्मा ने पुलिस का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि पुलिस मामला काफी संवेदनशील है। इस मामले में पुलिस की पूछताछ पूरी नहीं हुई है। कई महत्वपूर्ण जानकारी अब तक नहीं मिल पाई है। इधर बचाव पक्ष के वकील ने कोर्ट को अवगत कराया कि पुलिस पूछताछ पूरी कर चुकी है। इसके अलावा जो जब्ती करनी थी, वह सारे सामान जब्ती कर चुकी है। ऐसे में पुलिस रिमांड उचित नहीं होगा। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने आरोपियों को दो दिन के लिए पुलिस रिमांड पर भेजने का आदेश पारित किया। अब पुलिस दो दिन और आरोपियों से पूछताछ करेगी। इसके बाद 12 मार्च की शाम तक आरोपियों को पुनः कोर्ट में पेश किया जाएगा। बता दें कि तीनों आरोपियों को समोदा-झेंझरी में अफीम की खेती का आरोपी बनाया गया है। पुलिस का आरोप है कि उक्त क्षेत्र में करीब 5 एकड़ 62 डिसमिल में अफीम की खेती की जा रही थी। इधर पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है। लगातार गांव के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

**घटना के चार दिन बाद भी पुलिस नहीं खोज पाई नेटवर्क**



भाजपा नेता विनायक ताम्रकार, विकास विश्नोई और मनीष ठाकुर से पुलिस करेगी पूछताछ।

### राजस्थान भेजी गई पुलिस टीम को अब तक नहीं मिली जानकारी

बता दें कि घटना में दो अन्य आरोपियों के नाम सामने आए हैं। इसमें एक अचलाराम जाट और दूसरा श्रवण विश्नोई। श्रवण को गिरफ्तार आरोपी विकास का भाई बताया गया है। पुलिस इन दोनों को तलाशते हुए राजस्थान गई हुई है। खबर है कि एक अन्य टीम को मध्य प्रदेश के कुछ सीमावर्ती जिलों में जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस सूत्रों की मानें तो पुलिस को अब तक आरोपियों के बारे में कोई खास जानकारी नहीं मिल पाई है। वहीं पुलिस अफीम के इस पूरे नेटवर्क की कड़ियों को भी नहीं जोड़ पाई है। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस को कुछ जानकारी नहीं मिल पाई है। इसमें मुख्य रूप से खेती के लिए विनायक ने कैसे राजस्थान के लोगों से संपर्क किया। खेती के बाद वे कैसे और कहां अफीम को भेजा करते थे। अफीम से नशे के उत्पाद कहां तैयार हो रहे थे। कहां-कहां सप्लाई हो रही थी... इन सारे सवालों के जवाब पुलिस को अब तक नहीं मिल पाए हैं।

### हरकत में राजस्व विभाग... फेंसिंग-बाउंड्री वाले खेत और फार्म हाउस में दबिश



ग्राम समोदा और झेंझरी में 5 एकड़ से ज्यादा की जगह पर अफीम की खेती के खुलासे के बाद जिला का राजस्व महकमा हरकत में आ गया है। मंगलवार को कलेक्टर के आदेश के बाद तीनों ब्लॉक दुर्ग, धमधा और पाटन क्षेत्र के तहसीलदार, अतिरिक्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षण, पटवारी, कोटवार फेंसिंग, बाउंड्री वाले बड़े खेत और फार्म हाउस पहुंचे। अधिकारियों ने खेतों में बीच जाकर फसल से जुड़ी जानकारी ली। यह देखा कि किसी भी खेत में अफीम या अन्य प्रतिबंधित वस्तु की खेती तो नहीं हो रही। अधिकारियों की यह जांच आगामी दिनों में भी जारी रहेगी। बता दें कि कलेक्टर ने कहीं पर भी संदिग्ध फसल मिलने पर संबंधित थाना से समन्वय कर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए हैं। दुर्ग क्षेत्र में अतिरिक्त तहसीलदार प्रफुल गुप्ता ने जांच की। वे नगर निगम क्षेत्र के ग्राम सिकोला की निजी भूमि जो फॉर्म हाउस के रूप में उपयोग हो रहा है, पक्के बाउंड्रीवाल से घिरा हुआ है। वहां पहुंचकर जांच की। निजी भूमि खसरा 288/1,288/4,288/5, 286,256,284/3 पर सरसों और गेहूं का फसल मिला। इसी तरह से ग्राम कारहीडीह, रिसाली, डुंडेरा, बोरसी, पोटियाकला आदि जगहों पर भी जांच की गई।

# बेटी के साथ अनाचार, पिता गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

- जामुल थाना क्षेत्र की है घटना, मां की शिकायत के बाद खुला मामला

होली के दिन कलयुगी पिता ने अपनी ही नाबालिग बेटी से अनाचार करने का मामला सामने आया है। घटना जामुल थाना क्षेत्र की है। मामले में पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि चार मार्च को होली पर्व था इस दिन पिता नशे की हालत में अपनी बेटी के साथ अनाचार किया। इसके पूर्व भी कई बार इस तरह की हरकत बेटी के साथ कर चुका था। बेटी इगनोर करती रही लेकिन होली के दिन जिस तरह से पिता ने उसके साथ पेश आया किया। बेटी परेशान होकर घटना की जानकारी अपनी मां को दी। दोनों तुरंत जामुल थाने पहुंचे बेटी का सरकारी अस्पताल में मेड़िकल भी हुआ। अपराध दर्ज होने के बाद पिता को खोजने पुलिस निकली और गिरफ्तार किया। पिता ने बेटी के साथ अनाचार करने की जानकारी जैसे बस्ती में फैली आसपास के लोग सभी सोच में पड़ गए। लोग उसे खोजने मकान में पहुंचे लेकिन आरोपी पिता फरार था पुलिस उसके ठिकाने पर जगह-जगह दबिश देती रही। सूचना पर घेराबंदी कर जामुल से उसे पकड़ा गया है। घटना के समय परिवार में बेटी अकेली थी इसका फायदा उठाते हुए घटना को अंजाम दिया। होली त्यौहार होने पर सभी अपने-अपने काम में जुटे हुए थे।






# तेजी से नीचे जा रहा भूजल स्तर, कलेक्टर ने लगाई बिना अनुमति नलकूप खनन पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

गर्मी की आहट के साथ ही भूजल स्तर में तेजी से गिरावट दर्ज की जा रही है। लगातार गिरते जल स्तर को देखते हुए मंगलवार को कलेक्टर अभिजीत सिंह ने बिना अनुमति नलकूप खनन पर रोक लगा दी है। साथ ही इस आदेश का सख्ती से पालन करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। गर्मी के मौसम में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 के अंतर्गत जिले में आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार 30 जून अथवा मानसून आगमन तक जिले में भूजल के अनियंत्रित दोहन को रोकने के लिए बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के नया नलकूप खनन नहीं किया जा सकेगा। यह व्यवस्था पेयजल स्त्रोतों के संरक्षण तथा आम नागरिकों को गर्मी के दौरान पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लागू की गई है। यह भी स्पष्ट किया गया है कि शासकीय, अर्धशासकीय एवं नगरीय निकायों को अपने क्षेत्राधिकार में पेयजल व्यवस्था के लिए आवश्यक नलकूप खनन की अनुमति अलग से लेने की आवश्यकता नहीं होगी, लेकिन निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करना होगा। साथ ही नलकूप खनन अथवा मरम्मत का कार्य केवल पंजीकृत बोरवेल एजेंसियों के माध्यम से ही किया जा सकेगा।



### एसडीएम से अनुमति आवश्यक

जानकारी के मुताबिक नियमों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। आदेश के तहत विभिन्न क्षेत्रों के लिए अधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति भी की गई है। नगर निगम दुर्ग, भिलाई और रिसाली क्षेत्र के लिए अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी दुर्ग को अधिकृत किया गया है। इसी प्रकार राजस्व अनुविभाग दुर्ग के शेष क्षेत्रों के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दुर्ग, राजस्व अनुविभाग धमधा के लिए अनुविभागीय अधिकारी धमधा, राजस्व अनुविभाग पाटन के लिए अनुविभागीय अधिकारी पाटन तथा राजस्व अनुविभाग भिलाई-3 के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों के लिए अनुविभागीय अधिकारी भिलाई-3 को अधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है।






### एमआईसी में देरी होने से संशोधन के लिए मिलेगा काफी कम समय

# रिसाली निगम में एमआईसी की बैठक नहीं महीनेभर से अटका बजट, पार्षदों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

रिसाली निगम का नया बजट निगम आयुक्त ने तैयार कर लिया है। निगम आयुक्त ने 2 फरवरी को बजट की कापी एमआईसी के लिए भेजा है लेकिन महीनेभर से अधिक हो गए हैं एमआईसी की बैठक ही नहीं हो पाई है। जिसकी वजह से कई पार्षदों में नाराजगी है।

पार्षदों का कहना है कि एमआईसी की बैठक में देरी होने की वजह से संशोधन करने के लिए समय कम मिल पाएगा और कई महत्वपूर्ण सुझाव जोड़ने में दिक्कतें आएगी। इससे रिसाली निगम की विकास कार्य भी प्रभावित हो सकते हैं।

### नई एमआईसी पहली बार पास करेगा बजट



रिसाली निगम का बजट वर्ष 2026-27 एमआईसी के लिए भेजा गया है। महापौर शशि सिन्हा की वर्तमान एमआईसी नई है। पिछले चार बजट में एमआईसी के जो पार्षद रहे हैं वे बदल गए हैं। एमआईसी में केवल समीर साहू ही पुराने सदस्य हैं। नई एमआईसी के समक्ष पहली बार बजट आएगी जिसे पारित कर सामान्य सभा में भेजा जाना है। माना जा रहा है कि गैरअनुभवी एमआईसी सदस्यों के होने की वजह से एमआईसी की बैठक को टाला जा रहा है।

### इस बार है पुराने पार्षदों में नाराजगी

रिसाली निगम की बजट को लेकर पार्षदों से सुझाव लिखित में आमंत्रित करने को लेकर भी नाराजगी है। भाजपा और कांग्रेस पार्षदों यानी दोनों दलों के पार्षदों से बजट के पहले सुझाव मंगवाए जाते हैं। पार्षदों ने बताया कि इस बार उनसे सुझाव ही नहीं मांगे गए हैं। जिसकी वजह से उनके वार्ड में विकास कार्य बजट में जोड़ा गया है या नहीं इसे लेकर संशय के हालात हैं।

### 2 फरवरी को बजट की कापी भेजा

" रिसाली निगम का बजट हमने तैयार कर 2 फरवरी को एमआईसी की बैठक के लिए भेजा है। एमआईसी की बैठक महापौर को बुलाना है। बैठक से पारित होने के बाद बजट सामान्य सभा के लिए रखा जाएगा। मार्च तक समय है।

**-मोनिका वर्मा,** आयुक्त रिसाली निगम

### 13 फरवरी को एमआईसी की बैठक

" हमने 13 फरवरी को एमआईसी की बैठक रखी है। इस बैठक में बजट व अन्य एजेंडे पर चर्चा करना है। बजट के लिए सभी वार्ड पार्षदों से सुझाव मांगे हैं। इस महीने सामान्य सभा भी होगी।

**-शशि सिन्हा,** महापौर रिसाली निगम

### अधिनियम का होगा पालन

" एमआईसी से बजट पारित होकर सामान्य सभा में लाया जाना है। नगर निगम अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप ही निगम का बजट पारित होगा।

**-केशव बंछोर,** सभापति रिसाली निगम

## खबर संक्षेप



### नेत्रदान कर पेश की मानवता की मिसाल

**दुर्ग।** ललितादेवी गोधा के निधन के पश्चात पुत्र अशोक गोधा, अरुण गोधा, बहु रेखा गोधा, रश्मि गोधा, ममता गोधा, पुत्री अलका पाटनी, अनीता बकलीवाल की सहमति से नेत्रदान सम्पन्न हुआ। पारिवारिक सदस्य जय पारख ने नेत्रदान के लिए संस्था का सहयोग लिया। नवदृष्टि फाउंडेशन के कुलवंत भाटिया, रितेश जैन, सुरेश जैन, सपन जैन, जितेंद्र हासवानी, प्रभुदयाल उजाला गोधा निवास पहुंचे व नेत्रदान की व्यवस्था संभाली श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के डॉ श्रीया पंजवानी, डॉ नीलांजना टोप्पो, डॉ यशिका चंद्रा व नेत्र प्रभारी विवेक कसार ने शिवपारा पहुंच कर कॉर्निया कलेक्ट किए।

### समिति की बैठक 19 को

**दुर्ग।** जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण प्रबंधन समिति की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में 19 मार्च को शाम 5 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में एजेंडा-व्यक्तिगत शौचालयों, सामुदायिक शौचालय, महतारी सदन में शौचालय निर्माण की समीक्षा, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छाग्राही मानदेय आदि की समीक्षा की जाएगी। ग्राम पंचायत के खाते में उपलब्ध अनुपयोगी राशि के लेखा परीक्षण, वित्तीय प्रगति, स्वच्छ भारत कोष अंतर्गत चिन्हांकित ग्राम पर चर्चा, वार्षिक कार्ययोजना के अनुमोदन पर चर्चा की जाएगी। उक्त बैठक में संबंधित अधिकारियों को उपस्थित होने कहा गया है।

### मृतक के परिजन को मिली आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तितुरघाट तहसील धमधा जिला दुर्ग निवासी केजा बाई की कुएं में गिरने व पानी में डूबने से 21 फरवरी 2025 को, टेकापार जिला दुर्ग निवासी अभिषेक सोनवानी की राजा तालाब में नहाते समय गहरे पानी में डूबने से 2 मई 2024 को मृत्यु हुई थी।

# महापौर ने दूल्हा-दुल्हन को उपहार में दिया हेलमेट, लोगों को भी किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

शहर में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश देने के उद्देश्य से महापौर अलका बाघमार ने एक अनोखी पहल करते हुए तीन अलग-अलग शादियों में पहुंचकर नव-विवाहित वर-वधु को शुभकामनाएं दीं और उन्हें हेलमेट भेंट किया। इस अवसर पर एमआईसी शशि साहू, सरिता चंद्रकार, सुरूचि उमरे सहित अन्य मौजूद रही।

इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार ने नव-दंपतियों को उनके नए जीवन की मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि जीवन अनमोल है और इसकी सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग अनिवार्य रूप से करना चाहिए।

उन्होंने नव-दंपतियों से अपील की कि वे स्वयं भी हेलमेट पहनें और अपने परिवार व समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को कम किया जा सके। महापौर की इस पहल को उपस्थित लोगों ने सराहा और इसे सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने वाला सराहनीय कदम बताया। महापौर ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि शादियों में केवल फूल-गुलदस्ते देने की परंपरा के बजाय नवदंपतियों को हेलमेट भेंट करने की पहल करनी चाहिए। महापौर अलका बाघमार ने सुरक्षा के लिए लोगों को हेलमेट का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

## 'जीवन अनमोल है, सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी, सुरक्षित जीवन का लें संकल्प'



### शुभ अवसरों पर हेलमेट भेंट करने की परंपरा की शुरुआत

हेलमेट एक जीवन कवच है, जो सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। महापौर ने कहा कि यदि शादी जैसे शुभ अवसरों पर हेलमेट भेंट करने की परंपरा शुरू हो जाए तो इससे समाज में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और लोगों को सुरक्षित जीवन जीने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने नागरिकों से इस सराहनीय पहल को अपनाने की अपील की।

## अज्ञात तत्वों द्वारा लगाई जा रही आग, उठते धुएं ने बढ़ाया संक्रामक बीमारियों का खतरा

# एनजीटी का आदेश धुआं-धुआं, लैंड फिलिंग के नाम पर कचरा किया जा रहा डंप, उठती बदबू से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नगर निगम दुर्ग के आउटर इलाके इन दिनों कचरे से अटे पड़े हैं। एसएलआरएम सेंटरों में कचरे के प्रसंस्करण के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। हर दिन दोपहर 2 बजे के बाद बड़ी मात्रा में कचरा उठाकर शहर के आउटर में लैंड फिलिंग के नाम पर डंप किया जा रहा है। इसकी वजह से लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। खास बात यह है कि पार्षद से लेकर स्थानीय लोगों द्वारा की जा रही शिकायत का भी असर नहीं हो रहा है। पिछले कुछ दिनों से पुष्पा वाटिका के सामने शिवनाथ नदी के किनारे कचरा डंप किया जा रहा है। एसएलआरएम सेंटरों से कचरा उठाकर यहां लाया जाता है। इसके बाद जेसीबी की मदद से फैला दिया जाता है। अज्ञात तत्वों द्वारा इस कचरे में आग लगाई जा रही है। हरिभूमि की पड़ताल में खुलासा हुआ है कि शहर के पुलगांव, गोकुल नगर, धमधा नाका टोल के पास, रायपुर नाका, ठगड़ा बांध के पास इस तरह से नियमित रूप से कचरा डंप किया जा रहा है और जला दिया जा रहा है। बता दें कि कचरा सफाई रोज का काम है, इस वजह से इसमें ज्यादा गड़बड़ी की जाती है। शिकायत होने पर कहा जाता है कि सफाई पहले ही हो चुकी है, जबकि इससे पहले जितना ज्यादा समय हो सके, कचरा वहीं डंप पड़ा रहता है। शिकायत के बाद ही उसे हटाया जाता है।

## एसएलआरएम सेंटरों में खानापूर्ति



### पार्षदों की आपत्ति का भी अधिकारियों पर नहीं हो रहा असर

जानकारी के मुताबिक दुर्ग निगम ने इस समय सिकोलाभाटा, उरला, एसएफ बटालियन, रायपुर नाका, बोरसी भाठा, बोरसी हाठ बाजार, पुलगांव, सुराना कॉलेज के सामने, धमधा नाका में एसएलआरएम सेंटर बनाए हैं। 5 और स्वीकृत किए हैं। इसमें उरला, पोटिया और बघेरा में जगह तय हो चुकी है। दो के लिए जगह ही नहीं मिल पाई है। पार्षदों द्वारा आपत्ति की जा रही है कि उनके वार्डों में एसएलआरएम सेंटर न खोला जाए। बावजूद इसके निगम के अधिकारियों द्वारा सेंटर खोले जा रहे हैं।



### पुष्पवाटिका के सामने डंप कचरे में लगी आग

पुष्पवाटिका के सामने मंगलवार को दोपहर कचरे में आग लग गई, निगम को जब इसकी जानकारी हुई, तो तत्काल फायर ब्रिगेड की टीम भेजी गई। टीम के मौके पर पहुंचने के बाद आग बुझाई गई। मौके पर जानकारी लेने से पता चला कि पास में ही खेत है, जहां पराली जलाई गई थी। इस वजह से धुआं उठा। बता दें कि उक्त क्षेत्र में डंप कचरे में हर दिन आग जल रही है। निगम ने धमधा नाका और सुराना कॉलेज एसएलआरएम सेंटर से कचरा लाकर यहां डंप किया। इसके अलावा शहर के अन्य हिस्सों में भी इसी प्रकार से कचरा डंप किया गया।

### एनजीटी के निर्देशों की हो रही अनदेखी

दुर्ग निगम क्षेत्र में एनजीटी के निर्देशों और स्वच्छ भारत मिशन के आदेशों की लंबे समय से अनदेखी की जा रही है। नियमतः ट्रेंचिंग ग्राउंड में डंप कचरे का डिस्पोजल किया जाना है। वहीं वार्डों से निकलने वाले कचरे का वार्ड में ही एसएलआरएम सेंटरों के माध्यम से निष्पादन किया जाना है। इसके लिए दुर्ग निगम क्षेत्र में 11 एसएलआरएम सेंटर बनाए गए हैं, जहां निष्पादन के नाम पर लाखों रुपए की मशीन लगाई गई है, लेकिन फिर भी रोजाना कचरा आउटर में लेजाकर डंप किया जा रहा है।

### की जाएगी कानूनी कार्रवाई

लैंड फिलिंग के लिए लोगों द्वारा डिमांड की जाती है, तब हम कचरा भेजते हैं। हमारे एसएलआरएम सेंटरों में प्रोसेसिंग किया जा रहा है। रही बात आग लगाने की तो अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा यह कृत्य किया जा रहा है। ऐसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई करने की तैयारी की गई है। **-दुर्गेश गुप्ता,** स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम दुर्ग

### लगातार कचरा डंप कर रहे

पुष्पवाटिका के पास लगातार कचरा डंप किया जा रहा है। इसे अलावा उसे जलाया भी जा रहा है। उठती बदबू और धुएं से पूरा पुलगांव क्षेत्र परेशान है। इसके अलावा गंजपारा के आसपास के रहवासी क्षेत्र में रहने वाले लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। लगातार अधिकारियों को अवगत कराया जा रहा है, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है।
**-अश्वनी निषाद,** पार्षद पुलगांव वार्ड दुर्ग

## नशे के कारोबार को संरक्षण देने का आरोप, कांग्रेसी कल घेरेंगे दुर्ग भाजपा कार्यालय



**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश में नशे के कारोबार को संरक्षण दिए जाने के विरोध में भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी गुरुवार 12 मार्च को भारतीय जनता पार्टी के जिला मुख्यालय दुर्ग कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन करेगी। अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी से मिले दिशा निर्देश के अनुसार पूरे प्रदेश में यह विरोध प्रदर्शन किया जाना है। भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने बैठक कर घेराव की रणनीति बना ली है। चंद्राकर ने बताया कि दुर्ग जिले के समोदा गांव में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता द्वारा लगभग 10 एकड़ भूमि पर अफीम की खेती किये जाने का मामला उजागर हुआ है। इससे स्पष्ट हो गया है कि राज्य की भाजपा सरकार नशे के कारोबार को संरक्षण देकर प्रदेश के युवाओं को नशे की ओर धकेलने का प्रयास कर रही है। चंद्राकर ने बताया कि पिछले दो वर्षों में शराब, गांजा, अफीम, हेरोईन जैसे नशे के कारण प्रदेश की युवा पीढ़ी में नशे की लत, महामारी का रूप ले चुकी है। चंद पैसों के लिये सत्तासीन लोग नशे के बढ़ते कारोबार को रोकने के बजाय संरक्षण दे रहे हैं। कांग्रेस पार्टी इसका जमकर विरोध करेगी।

- जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के नेतृत्व में हुई बैठक में बनी रणनीति

### ठेठवार समाज ने मनाया रंग पंचमी

**दुर्ग।** दुर्ग जिला ठेठवार यादव महासभा द्वारा यादव ठेठवार सामुदायिक भवन राजीव नगर में रंग पंचमी के अवसर पर यदुकुल शिरोमणि भगवान राधे कृष्ण की पूजा कर पदाधिकारियों द्वारा एक दूसरे को रंग ग़ुलाल लगा कर होली खेली। वार्षिक अधिवेशन की समीक्षा की गई। कोषाध्यक्ष दुष्यंत यादव द्वारा आय व्यय की जानकारी दी गई।

# बोरसी और शिवनाथ मुक्तिधाम का होगा सौंदर्यीकरण, 1 करोड़ की मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

शहर के दो प्रमुख मुक्तिधाम शिवनाथ नदी तट स्थित और बोरसी में सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसके लिए 50-50 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव ने दोनों स्थलों पर पहुंचकर कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि शिवनाथ नदी स्थित मुक्तिधाम एवं वार्ड क्रमांक 52 बोरसी मुक्तिधाम के नवीनीकरण के लिए शासन से स्वीकृति मिल गई है। बोरसी क्षेत्र के नागरिक मुक्तिधाम के नवीनीकरण और मूलभूत सुविधाओं की मांग कर रहे थे, ताकि स्थानीय नागरिक अपने परिजनों का अंतिम संस्कार सुगमता से कर सकें। वहीं शिवनाथ नदी स्थित मुक्तिधाम में दुर्ग शहर के विभिन्न क्षेत्रों से नागरिक अंतिम संस्कार के लिए पहुंचते हैं, जिसके कारण यहां अक्सर भीड़ रहती है। वर्षों पहले बने इन मुक्तिधामों की स्थिति को देखते हुए नवीनीकरण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए मंत्री गजेन्द्र यादव ने शासन स्तर पर पहल की और दोनों मुक्तिधामों के नवीनीकरण के लिए आवश्यक राशि स्वीकृत कराई गई है।

- शिक्षामंत्री ने स्थल पर अधिकारियों से ली जानकारी



### शहर में 8 मुक्तिधामों का कराया जा चुका कायाकल्प, काम अंतिम चरण में

गजेंद्र यादव ने बताया कि नवीनीकरण कार्य पूर्ण होने के बाद यहां अंतिम संस्कार करने सुव्यवस्थित सुविधाएं उपलब्ध होंगी। दुर्ग की जनता की सेवा ही उनका प्रमुख उद्देश्य है। जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप निरंतर विकास कार्यों की योजना बनाकर उन्हें क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र के 8 मुक्तिधामों के एक साथ जीर्णोद्धार के लिए राशि स्वीकृत कराई गई थी, जिसका कार्य अब अंतिम चरण में है। शासन से स्वीकृति मिलने पर दुर्ग शहर के नागरिकों और कार्यकर्ताओं ने मंत्री गजेन्द्र यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## पूर्व सभापति दिनेश देवांगन बनाए गए झुग्गी प्रकोष्ठ के संभाग प्रभारी

**दुर्ग।** पूर्व सभापति दिनेश देवांगन को मिली बड़ी जिम्मेदारी प्रदेश भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ का सह संयोजक एवं दुर्ग संभाग प्रभारी नियुक्त किया गया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव ने यह नियुक्ति आदेश जारी किया है। प्रदेश स्तर पर इस प्रकोष्ठ के संयोजक संजू नारायण ठाकुर हैं। दुर्ग जिला संयोजक पद पर दिनेश मिश्रा व जिला सह संयोजक दीपक सिन्हा, भागवत बुंदेल की नियुक्ति की गई है। दिनेश ने अपनी राजनीतिक की शुरुआत बूथ शक्ति केंद्र अध्यक्ष से शुरू की। वे शहर भाजयुमो अध्यक्ष, जिला भाजयुमो अध्यक्ष, भाजपा शहर महामंत्री, जिला मंत्री, जिला प्रवक्ता सहित अनेक जिम्मेदारी का निर्वहन कर चुके हैं। लगातार तीन बार पार्षद निर्वाचित हुए। दुर्ग निगम के सभापति बने। एमआईसी मेंबर रहे। उन्होंने नियुक्ति के बाद कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार द्वारा गरीबों के उत्थान के लिए प्रारंभ की गई सबसे महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास के तहत झुग्गियों के स्थान पर पक्के मकान बनवाने, स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर घर शौचालय निर्माण जैसे योजनाओं को जमीन तक उतारने में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे शहर के अनेक क्षेत्र झुग्गियों से मुक्त होकर पीएम आवास के पक्के मकान में परिवर्तित हुए हैं।



# प्लास्टिक पॉलीथिन को जलाने पर प्रतिबंध का पालन करने की दी गई समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिले के जनपद पंचायत दुर्ग, धमधा एवं पाटन में स्वच्छाग्राही दीदीयों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें विषय विशेषज्ञ देवी दास निमजे समर्थन संस्था द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें लगभग 300 स्वच्छाग्राही उपस्थित हुए। स्वच्छाग्राहियों को प्रशिक्षण में घरों से निकलने वाले गीला एवं सूखा कचरा के प्रबंधन एवं समूह का आय अर्जित कर गांव में स्वच्छता बनाए रखने एवं सुरक्षा का ध्यान रखते हुए असंगठित कार्ड, प्रतिमाह स्वास्थ्य जांच परीक्षण करने एवं प्राप्त कचरे को पृथक-पृथक कर प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट में भेजने एवं गांव में प्रतिदिन घर-घर कचरा कलेक्शन को बिजनेस मॉडल तैयार कर बाजार मूल्य पर कबाड़ी को विक्रय करने के लिए जोर दिया गया। घरों से निकलने वाले सूखे एवं गीले कचरे का घर में ही पृथक्कीकरण करने एवं प्लास्टिक पॉलीथिन जलाने पर प्रतिबंध का अनिवार्य रूप से पालन किये जाने की समझाइश दी गई। जपं. के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रूपेश पाण्डेय, जपं. धमधा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी किरण कुमार कौशिक, जपं. पाटन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जागेन्द्र कुमार साहू द्वारा उक्त कार्यशाला के आयोजन में भूमिका प्रदान की। जनपद पंचायत पाटन के अध्यक्ष कीर्ति नायक ने योगदान दिया। जिला पंचायत दुर्ग के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति सह सदस्य व सभापति सुश्री प्रिया साहू द्वारा सभी ग्रामों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के उचित निपटान को सुचारू रूप से चलाने के लिए प्रेरित किया गया।

- 300 स्वच्छाग्राही को दिया गया प्रशिक्षण



# वृद्धाश्रम रामशिला की कुटिया में फल वितरण कर दिया गया कूलर

**भिलाई।** उन्नति महिला सहकारी साख समिति भिलाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रामशीला की कुटिया वृद्धा आश्रम जुनवानी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर फल का वितरण करने के साथ एक नग कूलर वृद्धजनों के लिए आश्रम संचालकों को प्रदान किया। कार्यक्रम में उन्नति महिला सहकारी साख समिति के अध्यक्ष कौसर खान, उपाध्यक्ष डॉ. मीनाक्षी दुबे संचालक मंडल एवं सदस्य शामिल हुए।

संस्था के सदस्यों द्वारा वृद्धा आश्रम में निवास करने वाले वृद्धिजनों से परिचय किया। साख समिति की महिलाओं ने वृद्धजनों को फल का वितरण करने के साथ उनका आशीर्वाद लिया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वहां पर निवास करने वाली महिलाओं को महिला दिवस की जानकारी दी। उन्नति महिला सहकारी समिति की अध्यक्ष कौशल खान ने कहा कि आप हमारे मार्गदर्शक के रूप में हमेशा हमारे जीवन में रहेंगे। उन्होंने कहा कि उन्नति महिला सहकारी साख समिति विगत 14 वर्षों से समाज के जरूरमंद लोगों को आर्थिक मदद करने के साथ महिलाओं को बचत की प्रेरणा दे रहा है। कार्यक्रम में कल्पना निमझे द्वारा प्रेरित गीत प्रस्तुत किया गया। संचालक सदस्यों ने वृद्धा आश्रम संचालक से बुजुर्गों को व्यक्तिगत रूप से वृद्धाजनों को एक दिन का खाना खिलाने की इच्छा व्यक्त किया। कार्यक्रम में सुनीता कुमारी, समृद्धि ताम्रकार, प्रतिमा पारधी, अवध विश्वकर्मा, रेखा दास, रजनी मेहर, कल्पना निमजे, फिरोजा बेगम, सुहाना खान, परमजीत कौर, अवध विश्वकर्मा, कल्पना निमजे, फिरोजा बेगम, सुहाना खान आदि मौजूद थे।



## जल संकट से राहत के लिए 1.69 करोड़ की लागत से बन रही टंकी

# पानी टंकी निर्माण में लापरवाही, ठेकेदार को फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जल संकट की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से शिक्षक नगर स्थित तिलक स्कूल के पास लगभग 1 करोड़ 69 लाख रुपये की लागत से 15 लाख किलोलीटर क्षमता की उच्चस्तरीय पानी टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माणाधीन कार्य का महापौर अलका बाघमार ने जल कार्य विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन के साथ स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया और कार्य की प्रगति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान महापौर अलका बाघमार ने निर्माण कार्य में अपेक्षित गुणवत्ता नहीं मिलने पर ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई। कहा पानी की तराई बेहतर हो, उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महापौर ने कॉलम में पर्याप्त पानी की तराई क्यूरिंग नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए इंजीनियरों एवं ठेकेदार को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप, मजबूत और गुणवत्तापूर्ण किया जाए तथा कार्य में तेजी लाई जाए ताकि निर्धारित समय में टंकी का निर्माण पूरा हो सके।

- महापौर अलका बाघमार ने किया स्थल निरीक्षण



### हाईटेंशन लाइन हटाने विद्युत विभाग को पत्र भेजने के निर्देश

निर्माण कार्य में तेजी लाने के साथ ही टंकी के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन को हटाने के लिए विद्युत विभाग को पत्र भेजने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र के पार्षद जितेंद्र महोबिया, खालिक रिजवी, जितेंद्र ताम्रकार, सावित्री दमाहे,सविता साहू, सब इंजीनियर विनोद मांझी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### कॉलम में पानी तराई कम होने की शिकायत

बैगापारा वार्ड क्रमांक 6, लुचकीपारा वार्ड 7, तकियापारा वार्ड 8 तथा आसपास के मोतीपारा वार्ड 30 और सदर बाजार वार्ड 32 क्षेत्रों में लंबे समय से लो प्रेशर के कारण जल आपूर्ति की समस्या बनी हुई है। इन क्षेत्रों में जल आपूर्ति को सुचारू करने के लिए ही शिक्षक नगर तिलक स्कूल के पास इस उच्च क्षमता की पानी टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। वर्तमान में निर्माणाधीन टंकी का बेसमेंट कार्य पूर्ण हो चुका है और लगभग 22 कॉलम को ऊंचाई देने का कार्य जारी है। कॉलम में पानी की तराई कम होने की शिकायत मिलने पर महापौर अलका बाघमार स्वयं मौके पर पहुंचीं और कार्य की गुणवत्ता का निरीक्षण किया।

## खबर संक्षेप

### कुथरेल में वार्ड स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता 19 से



अंडा। रामापति ट्रॉफी के अंतर्गत वार्ड स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 19 मार्च से 22 मार्च तक रामलीला मैदान, ग्राम कुथरेल में आयोजित किय गया है। प्रतियोगिता में कुथरेल, जंजगीरी और भानपुरी की टीमें भाग लेंगी और आपस में रोमांचक मुकाबले खेलेंगे। प्रतियोगिता का फाइनल मैच 22 मार्च को दोपहर 1:30 बजे से होगा। संयोजक लोमशा (रिंकु) चंद्राकर और सभापति जनपद पंचायत दुर्ग ने क्षेत्रवासियों से उपस्थिति की अपील की है।

### शीतला अष्टमी के अवसर पर विशेष आरती और भजन कीर्तन आज



कुम्हारी। कुम्हारी बड़े तालाब स्थित ग्राम देवी मां शीतला मंदिर प्रांगण में 11 मार्च को शीतला अष्टमी के अवसर पर भक्तों द्वारा मां की विशेष पूजा व दिन भर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया है। यह आयोजन प्रति वर्ष चैत्र कृष्ण पक्ष अष्टमी के अवसर पर जय माँ शीतला सेवा समिति के तत्वावधान किया जाता है। इस दिन माँ शीतला की विशेष पूजा आरती हवन पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। आयोजक समिति द्वारा भजन कीर्तन का कार्यक्रम भी रखा गया है जिसमें नगर के विभिन्न प्रसिद्ध जस भजन मंडलियों द्वारा अपनी प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं यह भी जानकारी दी गई कि चैत्र नवरात्र के अवसर पर मंदिर प्रांगण में ज्योति कलश स्थापित किया जाएगा जिनका प्रारंभ 19 मार्च दिन गुरुवार से होगा। समिति के सदस्य रामकुमार चक्रधारी, अनिल सोनकर व रवि सोनकर ने यह जानकारी दी।

### सेलूद में खोला सार्वजनिक प्याऊ घर



सेलूद। तांदुला नहर पार गांधी चौक सेलूद में गर्मी को ध्यान रखते हुए प्याऊ घर खोला गया। इस अवसर पर रघुनंदन ठाकुर, दानेश्वर वर्मा,टामन लाल साहू,पीलू कश्यप, रमेश देवांगन,दुलार सिंह ठाकुर,राजू लाल यादव, ध्रुव ठाकुर,मेघू साहू,तोरन साहू,दीपक ठाकुर,दादू साहू,मयंक यादव,वेदांत यादव, कुणाल यादव,डोमेन्द्र यादव, तुषार मानिकपुरी एवं अन्य ग्रामीण जन की उपस्थिति रही।

## निधन

### लखन चंद्राकर



दुर्ग। गोवर्धन चौक बैगापारा दुर्ग निवासी लखन चंद्राकर 83 वर्ष का निधन मंगलवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे संतोष चंद्राकर, छत्रपाल चंद्राकर के पिता थे।


**सार्वजनिक सूचना (PUBLIC NOTICE)**

मैं, अधिवक्ता अखिलेश नारायण सिंह, जिला न्यायालय, दुर्ग (छत्तीसगढ़) में प्रैक्टिस करता हूँ। अपने क्लाइंट के अधिकार एवं निर्देशानुसार यह सार्वजनिक सूचना प्रकाशित कर रहा हूँ, मेरे मुवक्किलः 1. सुजीत मिश्रा, पिता श्री दिनेश प्रसाद मिश्रा, 2. संगीत मिश्रा, पिता - श्री दिनेश प्रसाद मिश्रा, उपरोक्त मुवक्किल निम्नलिखित संपति को क्रय करने के इच्छुक हैं, जो कि स्थित है - मौजाः उमरपोटी, पी.एच. नं.: 52, आर.एन.एम.: उतई, तहसील एवं जिलाः दुर्ग (छत्तीसगढ़) जिसका खसरा नं.: 312/44, कुल रकबाः 2400 वर्गफुट, संपत्ति की सीमाएं इस प्रकार हैं: उत्तरः प्लॉट नं. 17, दक्षिणः 30 फीट रोड, पूर्वः प्लॉट नं. 12, पश्चिमः गुड़िया सिंह की भूमि, उक्त संपत्ति के वर्तमान स्वामी मनोज कुमार सिंह, पिता श्री नागेश्वर सिंह हैं। वर्तमान विक्रय विलेख (Sale Deed) के अनुसार यह भूमि पूर्व में गणेश राम, पिता-छोटेलाल द्वारा मनोज कुमार सिंह को विक्रय की गई थी, जो कि वर्तमान में उक्त संपति के स्वामी हैं, मेरे क्लाइंट सुजीत मिश्रा एवं संगीत मिश्रा ने उक्त संपति के क्रय करने हेतु मनोज कुमार सिंह के साथ एक विक्रय अनुबंध (Sale Agreement) किया है, जिसमें यह आश्वासन दिया गया है कि उक्त संपति किसी भी प्रकार के विवाद, बंधक, ऋण या दावे से मुक्त है, अतः यह सार्वजनिक सूचना दिनांक 11/03/2026 को दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि में प्रकाशित की जा रही है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्था, कंपनी, साहूकार, अर्ध-सरकारी या सरकारी विभाग आदि को उक्त संपत्ति के संबंध में किसी प्रकार का दावा, आपत्ति, अधिकार या हित हो, तो वे इस सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिनों के भीतर आवश्यक दस्तावेजों सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें, निर्धारित अवधि के भीतर यदि कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो यह मान लिया जाएगा कि उक्त संपत्ति के संबंध में किसी को कोई दावा या आपत्ति नहीं है तथा विक्रय की कार्यवाही आगे बढ़ाई जाएगी।

दिनांकः 10/03/2026 स्थानः दुर्ग (छत्तीसगढ़)

अखिलेश नारायण सिंह
अधिवक्ता
जिला न्यायालय, दुर्ग (छत्तीसगढ़)
Resident & Office-
Mohan Nagar New Ama Para, Durg (C.G.)
Mobile No. 9826518559/9340841352


### समाज में उल्लेखनीय योगदान देने वाली नारी शक्ति सम्मानित

# महिलाओं से शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सामाजिक जागरुकता की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उतई

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्राम डुंडेरा में महिला दिवस एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू तथा विशेष अतिथि अजय कल्याणी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन नगर निगम रिसाली के पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे द्वारा किया गया था। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने उपस्थित महिलाओं को महिला दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का समय महिलाओं के सशक्तिकरण का समय है और महिलाएं समाज के प्रत्येक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं। पूर्व गृहमंत्री साहू ने आगे कहा कि किसी भी समाज की प्रगति महिलाओं के सम्मान और उनके सशक्तिकरण पर निर्भर करती है। जब महिलाओं को समान अवसर और सम्मान मिलता है तो परिवार के साथ-साथ पूरा समाज मजबूत बनता है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सामाजिक जागरुकता की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के आयोजक पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे ने कहा कि समाज के निर्माण और विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, मातृशक्ति का सम्मान करना पूरे समाज के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं के प्रति सम्मान और उनके कार्यों को प्रोत्साहन देने का एक छोटा प्रयास है। कार्यक्रम को कल्याणी वूमेन विंग के संस्थापक अजय कल्याणी ने भी संबोधित किया और नशामुक्ति पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से ग्राम में विभिन्न क्षेत्रों में सेवा दे रही मातृशक्ति का सम्मान किया गया।

### डुंडेरा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस व सम्मान समारोह



### विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहीं महिलाएं हुई सम्मानित

स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा देने के लिए सीनियर एएनएम ललित चौधरी, दीपिका साहू तथा गायत्री भारती को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार क्षेत्र में सेवा दे रही महिला पुलिस कर्मियों को भी उनके कार्यों के लिए सम्मान प्रदान किया गया। इसके अलावा भारत सरकार द्वारा सम्मानित पोस्टमास्टर तेजेश्वरी वैष्णव को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही ग्राम में सेवा दे रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, कल्याणी विंग तथा महिला स्वच्छता कर्मियों को भी सम्मान देकर उनके कार्यों की सराहना की गई। महिला दिवस के अवसर पर पूर्व गृहमंत्री साहू ने मितानिन भवन के संचालन के लिए मितानिनों को कुर्सी प्रदान की एवं उपस्थित सभी महिलाओं को उपहार भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन कांति विश्वकर्मा व आभार आरती चन्द्राकर ने की। इस दौरान आरती साहू, कांति विश्वकर्मा, नारायणी साहू, सरोज साहू, चंद्रकला टंडन, शिवकली क्षत्री, किरण ठाकुर, वेदकुमारी, बेदिया, प्रमिला साहू, ममता साहू, सुनीता देवांगन, अनपूर्णा, हेमलता साहू, विना यादव, तुलसी साहू, पुष्पा बंजारे, ममता साहू, टीलेश्वरी यादव, प्रतिमा नायक, जमुना, लक्ष्मी साहू सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

### महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण से ही समाज का समग्र विकास संभव : कीर्ति

पाटन। महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में ग्राम जामगांव एम स्थित आदिवासी ध्रुव समाज भवन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं महतारी वंदन सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण किसी भी विकसित समाज की पहचान है। आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, राजनीति, खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय देकर समाज को नई दिशा दे रही हैं। महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए शासन द्वारा संचालित योजनाएं अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने विशेष रूप से महतारी वंदन योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना से महिलाओं को आर्थिक संबल मिलने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास और सामाजिक सम्मान में भी वृद्धि हो रही है। कीर्ति नायक ने उपस्थित महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा, स्वावलंबन और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।



## अंचल की खबरें

### तर्रा में बढ़ते अतिक्रमण से ग्रामीणों में रोष



पाटन। पाटन ब्लॉक के ग्राम तर्रा में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का मामला सामने आया है। गांव में तेजी से बढ़ रहे अतिक्रमण को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों ने कड़ी नाराजगी जताई है और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में सरपंच विपिन चंद्राकर के नेतृत्व में उपसरपंच तथा पंचगणों ने तहसीलदार पवन सिंह ठाकुर पाटन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम तर्रा में शासकीय जमीन पर लगातार अतिक्रमण किया जा रहा है, जिससे भविष्य में कई प्रकार की प्रशासनिक और विकास संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। मामले को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार पाटन ने पंचायत प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि 20 मार्च को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सरपंच विपिन चंद्राकर सहित उपसरपंच और पंचगण मौजूद थे।

### परिक्षेत्रीय साहू संघ का होली मिलन



सेलूद। परिक्षेत्रीय साहू संघ अरसनारा की कार्यकारिणी की बैठक एवं होली मिलन समारोह का आयोजन सोमवार 9 मार्च को साहू सदन रवेली में हुआ। इस अवसर पर समाजजनों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। स्वागत भाषण देते हुए परिक्षेत्रीय अध्यक्ष किशन हिरवानी ने बताया कि पापमोचनी एकादशी 15 मार्च को साहू समाज की अधिष्ठात्री भक्त माता कर्मा की 1010वीं जयंती मनाई जाएगी। प्रमुख सलाहकार खेमलाल साहू ,संरक्षक हरिशंकर साहू और अर्जुन साहू सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी समाज की एकजुटता और संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन गोपेश साहू ने किया तथा आभार प्रदर्शन संतोष साहू ने किया। बैठक में घनश्याम साहू, घासी राम साहू, ललिता साहू, ओमप्रकाश साहू, मंगलेश साहू, हरि साहू,रिंकी साहू, रवि साहू, खेमीन साहू, तनुजा साहू, डाकेंद्र साहू, दानी राम साहू,रेखराम साहू, राजकुमार साहू,डॉ हेमू साहू, प्रेमलाल साहू,रमेश साहू, दुर्वासा साहू,प्रेमलाल साहू,जगनू साहू, किरण साहू, कल्याणी साहू आदि उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्त प्राचार्य ने दिया न्यौता भोज



अंडा। शासकीय प्राथमिक शाला गांधीभांठा,बस्ती पारा, आबादी पारा अण्डा संकुल-अण्डा में न्योता भोजन का आयोजन किया गया। सेवानिवृत्त प्राचार्य डी.पी.चन्द्राकर ने अपने जन्मदिन की खुशियों को केक काटकर शासकीय प्राथमिक शाला गांधीभांठा अण्डा,अण्डा बस्ती और आबादीपारा अण्डा के साथ सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के साथ साझा किये। न्योता भोजन के रूप सभी बच्चों एवं शिक्षकों के लिए खीर-पुड़ी और आलू मटर की सब्जी वितरित किये। न्योता भोजन के आयोजन में चन्द्रहास साहू (प्रधानपाठक), संतोषी ठाकुर, संतोष कुमार पाटिल, सुरेन्द्र सेन, शकुन साहू, दीपिका चौहान,द्रौपदी तारक,उषा साहू (आंगनबाड़ी कार्यकर्ता),सुलेखा बेगम,कुसमा ठाकुर,गिरजा जोशी,रीना यादव,धर्मिन टण्डन (सहायिका), पेमिन नागवंशी, राखी सिन्हा, मनोज कोसमा, सीमा साहू(सहायक शिक्षक), पूजा निर्मलकर (अध्यक्ष एसएमसी), अलेन यादव, कुसुमलता यादव,सीता साहू और मोनिका साहू की उपस्थिति रही।

### जन्मदिवस को जनसेवा के रूप में मनाया कीर्ति ने



सेलूद। जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक अपने जन्मदिवस के अवसर पर विभिन्न जनसेवा एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों में शामिल हुई। श्रीमती नायक ने अपने कार्यालय जनपद पंचायत पाटन में क्षेत्रवासियों से भेंट-मुलाकात कर उनका अभिवादन स्वीकार किया तथा नागरिकों से आत्मीय संवाद किया । सेवा सहकारी समिति, ग्राम तर्रा जाकर , अपने जनपद विकास निधि से ग्राम तर्रा, फुंडा, झीट, बटंग एवं जामगांव (एम) क्षेत्र की सेवा सहकारी समिति से जुड़े किसानों एवं ग्रामीणों के लिए शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु वॉटर कूलर प्रदान किया।

### चरोदा में रामप्रताप का किया स्वागत



भिलाई। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सैन्ननिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष और पूर्व भाजपा संगठन मंत्री डॉ रामप्रताप सिंह का चरोदा में स्वागत किया गया। राम प्रताप सिंह के आगम पर मंडल अध्यक्ष ए गौरीशंकर के नेतृत्व में अभिनंदन किया गया। इस दौरान प्रशांत आकांत, पूर्णिमा ठाकुर, राजेश मौर्या, चंद्रकांता मांडले, चंद्र प्रकाश पांडे समेत परमजीत सिंह, प्रमिला तांडी, पूनम श्रीवास्तव, पुष्पलता मंडपे, सुजाता डोंगरे, टी रमन, उषा चौहान, गोवर्धन,श्रीनिवास, हेमराज साहू, मनोज चक्रधारी, शिव पटनायक, डी वेंकट समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सरपंचों ने देखी विधानसभा सत्र कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- विधायक ललित चंद्राकर के नेतृत्व में सरपंचों ने की सीएम से मुलाकात



दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के नेतृत्व में दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गांवों के सरपंचों ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा की कार्यवाही देखा और मुख्यमंत्री से सौजन्य मुलाकात किया। इस अवसर पर विधायक चंद्राकर ने सरपंचों को विधानसभा की कार्यवाही के बारे में जानकारी दी और उनके साथ क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की। सरपंचों ने मुख्यमंत्री से सौजन्य मुलाकात की और उन्हें क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने सरपंचों की समस्याओं को सुना और उनका समाधान करने का आश्वासन दिया। चंद्राकर ने कहा कि क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाना और उनका समाधान कराना। हम सरपंचों के साथ मिलकर क्षेत्र के विकास के लिए काम करेंगे और अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचना है। इस अवसर पर सरपंच संघ अध्यक्ष ओमेश्वर राजू यादव, सैनिक भुवन लाल देशमुख, कोभागवत राम पटेल, हुपेन्द्र कुमार देशमुख, अनुसूईया साहू, नारायण साहू, प्रेमीन साहू, सुमरन लाल साहू, गायत्री साह, पुरुषोत्तम लाल साहू, चुम्मन लाल यादव, योगेश्वरी बाई, लक्ष्मी देवी साहू, किशोर कुमार साहू, लक्ष्मी यदु, महेश कुमार यादव, मीना यादव सहित अन्य मौजूद थे।



## 8 वीं के विद्यार्थियों को दी विदाई

सेलूद। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मगरघटा में कक्षा 6वीं एवं 7वीं के छात्र-छात्राओं ने अपने सीनियर कक्षा 8 वीं के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी। समारोह में नगरपालिका परिषद अमलेश्वर के पार्षद सोहन निषाद , यामिनी यादव , पूर्व सीएसी ललित कुमार बिजौरा , संस्था प्रमुख के.पी.चौबे ,जयंत वर्मा , सेवानिवृत्त प्रधानपाठक पी.आर.साहू सीएसी के.पी. ठाकुर , अंजू वर्मा , कोमल ठाकुर , एम. एस.खलखो और मेघा गुप्ता की प्रमुख उपस्थिति रही। इस दौरान नृत्य और गीतों की रंगारंग प्रस्तुति में 6वीं की अन्नपूर्णा टंडन , सानिया टंडन एवं 7वीं की नम्रता यादव , मानसी निषाद , किरण अदा और होमिन निषाद का प्रदर्शन सराहा गया । समारोह के दौरान 6 वीं से सानिया टंडन , धारा टंडन तथा कक्षा 7वीं से गगन ध्रुव ने अपने सीनियर्स के साथ बिताए पल को साझा किया , 8 वीं के छात्र छात्राओं ने पुरानी यादों को साझा किया। 8 वीं के छात्र छात्राओं के लिए रोचक खेलों का भी आयोजन किया गया। संचालन कक्षा 7वीं की नम्रता यादव ने किया। सामूहिक फोटो सत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## भागवत कथा सुन भाव विभोर हुए भक्तजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा



- संत निरंजन महाराज ने भगवान की महिमा और धर्म की महत्व का किया वर्णन

ग्राम सिकोला (गुरेदा) डगनिया में आयोजित भव्य श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दूसरे दिन कथा का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। कथा वाचन आचार्य संत निरंजन महाराज द्वारा किया गया, जिसमें उन्होंने भगवान की महिमा और धर्म के महत्व को विस्तार से बताया। कथा के प्रारंभ में मंगलाचरण किया गया। इसके बाद आचार्य ने धर्म और पृथ्वी के संवाद का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि कलयुग के बढ़ते प्रभाव को देखकर धर्म और पृथ्वी के बीच जो संवाद हुआ, वह आज के समय में भी अत्यंत प्रासंगिक है।

कथा के दौरान आचार्य ने बताया कि जब राजा परीक्षित ने कलयुग को एक असहाय बैल (धर्म) को मारते हुए देखा, तो वे क्रोधित हो गए और उसे दंड देने का प्रयास किया। तब कलयुग ने राजा से शरण मांगी। राजा ने उसे पांच स्थानों – सोना, जुआ, शराब, स्त्री संसर्ग और हिंसा – में रहने की अनुमति दी। इसके बाद कथा में वह मार्मिक प्रसंग आया जब एक बार राजा परीक्षित ने क्रोध में आकर एक मृत सर्प को ऋषि के गले में डाल दिया।

इस घटना से क्रोधित होकर ऋषि शमीक के पुत्र शृंगी ऋषि ने राजा परीक्षित को श्राप दे दिया कि सात दिनों के भीतर तक्षक नाग के डसने से उनकी मृत्यु हो जाएगी। श्राप मिलने के बाद राजा परीक्षित ने मृत्यु से भयभीत होने के बजाय मोक्ष प्राप्ति का मार्ग अपनाया। वे गंगा तट पर जाकर अनशन करने लगे और भगवान की कथा सुनने का संकल्प लिया। उसी समय वहां महामुनि श्री शुकदेव जी का आगमन हुआ। उन्होंने राजा परीक्षित को श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा सुनाई और उन्हें भक्ति एवं मोक्ष का मार्ग बताया। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्त भक्ति रस में डूबे रहे। कार्यक्रम में मुख्य यजमानों सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### बालकृष्ण की माखन चोरी लीला का हुआ भावपूर्ण वर्णन



अंडा। नवनीत महिला मानस मंडली एवं समस्त ग्रामवासी चिंगरी के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दौरान कथा व्यास पं. भूपेंद्र पाण्डेय महाराज (गुंडरदेही जिला बालोद) ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का सुंदर वर्णन किया। कथा में विशेष रूप से बालकृष्ण की माखन चोरी लीला सुनाई गई, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। परिक्षित में सेवानिवृत शिक्षक पोषण लाल साहू, भारती साहू बैठे। कथा के दौरान पं. पाण्डेय महाराज ने बताया कि नंदगांव और गोकुल में बालकृष्ण अपने सखाओं के साथ मिलकर घर-घर जाकर माखन चोरी करते थे। भगवान की यह बाल लीला केवल शरारत नहीं बल्कि भक्तों के प्रेम को स्वीकार करने का प्रतीक है। गोपियां भगवान श्रीकृष्ण की इन लीलाओं से अत्यंत प्रसन्न रहती थीं और उनके प्रति अपना स्नेह व्यक्त करती थीं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं हमें सिखाती हैं कि भक्ति और प्रेम से भगवान को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। कथा के दौरान भजन-कीर्तन और भगवान के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### छत्तीसगढ़ ठेठवार समाज पाटन राज का वार्षिक सम्मेलन 15 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाटन

छत्तीसगढ़ ठेठवार (यादव) समाज पाटन राज का वार्षिक सम्मेलन 15 मार्च रविवार को ग्राम तर्रा (लोहरसिंग) स्थित लताकुंज परिसर में आयोजित किया जाएगा। समाज के पाटन राज मीडिया प्रभारी बलराम यादव ने बताया कि सुबह 10 बजे आराध्य देव भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना एवं आरती होगी। इसके बाद 10:30 बजे अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन होगा। सुबह 11 बजे समाज के अध्यक्ष द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन किया जाएगा। दोपहर 12 बजे पुरस्कार वितरण कार्यक्रम रखा गया है, जबकि दोपहर 1 बजे भोजन सत्र आयोजित होगा। दोपहर 2 बजे खुला मंच और दोपहर 3 बजे सामाजिक प्रक्रिया पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम का समापन शाम 5 बजे आभार प्रदर्शन, प्रसाद वितरण के साथ होगा।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ ठेठवार समाज के अध्यक्ष गुलेन्द्र यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में नगर पंचायत पाटन के अध्यक्ष योगेश (निक्की) भाले, जनपद सदस्य पाटन संतोषी ठाकुर तथा ग्राम पंचायत तर्रा के सरपंच विपिन चंद्राकर उपस्थित रहेंगे। समाज के पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों एवं क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की है।

## बिजनेस साइट

### भारती विश्वविद्यालय में जॉब फेयर व करियर एक्सपो का आयोजन 12 को

दुर्ग। भारती विश्वविद्यालय में जॉब फेयर एवं करियर एक्सपो द्वारा युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जॉब फेयर एवं करियर एक्सपो 12 मार्च को प्रातः 10:30 बजे से विश्वविद्यालय परिसर दुर्ग में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लें रही है। जिनके द्वारा योग्य उम्मीदवारों को 20 लाख रुपये तक के वार्षिक पैकेज के अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। यह अवसर सभी योग्य उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध रहेगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के युवा भाग लेकर बेहतर संभावना तलाश सकेंगे। उक्त उपक्रम में विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी एवं फिनटेक, सप्लाई चेन एवं लॉजिस्टिक्स, ई-कॉमर्स एवं रिटेल, हेल्थकेयर एवं बैंकिंग, मैन्युफैक्चरिंग एवं हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां जैसे पेटीएम, किआ, एग्रोस्टार, स्क्वायर, टेक्नो टास्क, सर्टिनोवा, मेडप्लस, सिब्रॉक्स प्रतिभागियों को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। इच्छुक अभ्यर्थी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए दिए गए लिंक से अप्लाई कर सकते है।विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट प्रभारी एवं सीओओ प्रभजोत भुई ने अधिक से अधिक युवाओं से इस जॉब फेयर में भाग लेने का आग्रह किया है।




## खबर संक्षेप



### बीएसपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

**भिलाई।** बीएसपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट सेक्टर 1 क्रिकेट ग्राउंड, भिलाई में शुरु हुई। मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के ईडी वर्क्स राकेश कुमार और केपीएस ग्रुप के चेयरमैन आनंद त्रिपाठी थे।पहले दिन 4 मैच हुए, जो क्रमशः लीजेंड 11 और सुपर चैलेंजर्स, आयरन पैंथर और रॉयल स्ट्राइकर, संडे 11 और बर्ली बॉयज, स्नाइपर्स और भिलाई बॉयज के बीच खेला गया। विजेता क्रमशः सुपर चैलेंजर्स, रॉयल स्ट्राइकर, बर्ली बॉयज और भिलाई बॉयज रहे। सेफी प्रेसीडेंट नरेंद्र बंछोर, डीजीएम राजेंद्र प्रसाद जी, डेब के अध्यक्ष राजेश शर्मा जी आयोजन समिति के शारदा गुप्ता, विनोद उपाध्याय वशिष्ठ वर्मा उपस्थित थे। राकेश कुमार ने हौसला अफजाई करते हुए प्लांट में सेफ्टी के साथ काम करने का आह्वान किया। स्कोरर विनोद देवघर और कमेंटेटर अभय, सुधाकर, दिलीप महेश साहू थे।

### छग पेंशनर्स समाज का सम्मेलन 25 को

**भिलाई।** छग पेंशनर्स समाज तहसील पाटन का वार्षिक सम्मेलन 25 मार्च को 12 बजे जगन्नाथ मंदिर स्वामी मंदिर परिसर अखरा में आयोजित है । मुख्य अतिथि छग योग आयोग के अध्यक्ष रुप नारायण सिन्हा होंगे और अध्यक्षता पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष हीरा सिंह वर्मा हैं। विशेष अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, पेंशनर्स समाज के प्रांताध्यक्ष चेतन भारती, रिटायर संयुक्त कलेक्टर भगवती प्रसाद चक्रधर, जनपद पंचायत पाटन के सभापति प्रणव शर्मा व जगन्नाथ मंदिर के मुख्य न्यासी अमरचंद वर्मा होंगे। हीरा सिंह वर्मा ने पेंशनर्स समाज के सभी सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

### झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के संवाद प्रमुख बने शारदा

**भिलाई।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष



किरण देव सिंह एवं भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक संजू सिंह ठाकुर कि अनुशंसा पर भिलाई भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के पूर्व जिला संयोजक शारदा गुप्ता को प्रदेश नेतृत्व ने प्रदेश संवाद प्रमुख का दायित्व सौपा है। इसके पहले वे किसान मोर्चा सुपेला मंडल अध्यक्ष भाजपा, महाजनसंपर्क प्रभारी सुपेला मंडल, सांसद प्रवक्ता, भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी जैसे अनेक महत्वपूर्ण दायित्व में रह चुके हैं। शारदा गुप्ता जनहित संघर्ष समिति के माध्यम से सुपेला संडे बाजार का व्यवस्थापन से लेकर विभिन्न आंदोलनों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हैं। उनकी नियुक्ति पर कन्हैया सोनी, विनोद उपाध्याय, निशु पांडे, मदन सेन, पारस जंघेल, डॉ. रमेश श्रीवास्तव, सुभाष साव, रवि शंकर सिंह, बंटी नाहर, हरिशंकर चतुर्वेदी, अखिलेश वर्मा, जेपी घनघोरकर, संतोष जयसवाल, गुरनाम सिंह ने आभार व्यक्त किया है।

### बीएसपी में जीरो एक्सीडेंट पर कार्यशाला



**भिलाई।** बीएसपी के मानव संसाधन विकास केंद्र में जीरो एक्सीडेंट, जीरो ब्रेकडाउन विषय पर प्रदर्शन संवर्धन कार्यशाला हुई। कार्यशाला में ओर हैंडलिंग प्लांट के कार्यपालक, गैर-कार्यपालक तथा संविदा कर्मचारियों व सिंटर प्लांट 3 के कार्यपालकों की सहभागिता भी रही। पूर्व मुख्य महाप्रबंधक योगेश शास्त्री ने सर्वोत्तम परिचालन एवं अनुरक्षण पद्धतियों और मुख्य महाप्रबंधक संजीव वर्गीज ने ओनरशिप एवं 360 डिग्री सेफ्टी ऑब्जर्वेशन विषय पर जानकारी दी। सीजीएम संजीव वर्गीज ने भी अनुभव साझा किए। समूह चर्चा मे परिचालन एवं अनुरक्षण में सर्वोत्तम पद्धतियों को अपनाने जागरुक किया। । सुरक्षा उपायों के माध्यम से दुर्घटनाओं व उपकरणों में खराबी की संभावनाओं को कम करने पर बल दिया गया। प्रतिभागियों ने कार्ययोजनाओं की प्रस्तुति दी गई। जीएम संजीव श्रीवास्तव, मुकुल सहारिया तथा डीजीएम प्रशांत जैन भी उपस्थित थे।

# गर्मी में पानी बचाने निगम का अभियान, 8 हजार नलों में लगाएंगे टोटी

## भिलाई निगम ने जोन 2 वैशालीनगर से की शुरुआत, लोगों से जागरुकता की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

गर्मी शुरू होते ही भिलाई निगम पानी बचाने के लिए नया अभियान शुरू किया है। भिलाई निगम क्षेत्र में करीब 8 हजार ऐसे नल हैं जहां टोटी नहीं है। जब नल खुलता है तो लोग पानी भर लेते हैं और उसके बाद यह खुला पड़ा रहता है। टोटी नहीं होने की वजह से पानी व्यर्थ चला जाता है। इस पानी को बचाने के लिए भिलाई निगम ने इसे अभियान के रूप में लिया है।

### वैशालीनगर से अभियान की शुरुआत

जोन-2 वैशाली नगर अंतर्गत नलों में टोटी लगाने का अभियान शुरू कर दिया है। इसका उद्देश्य नागरिकों द्वारा नल खुला छोड़ने से होने वाले पानी की बर्बादी को रोकना और जल संरक्षण को बढ़ावा देना है। निगम के अधिकारियों ने बताया कि पानी का उपयोग करने के बाद लोग नल बंद नहीं करते, जिससे अनावश्यक पानी की बर्बादी होती है। इस समस्या के समाधान के लिए सभी सार्वजनिक नलों में विशेष टोटियां लगाई जा रही है, जिससे पानी की खपत नियंत्रित रहे और नागरिको में पानी की बचत के प्रति जागरूकता बढ़े।



### वार्डों में निरीक्षण के दौरान मिला खुला नल

भिलाई निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय हर दिन विभिन्न वार्डों में दौरा कर रहे हैं। इस दौरान कई वार्डों में खुला नलों को देखा। नलों से टोटियां गायब मिली और पानी बेकार बहता मिला। जोन आयुक्तों से भी उनके दौरे की रिपोर्ट मंगवाई। जिसमें जोन आयुक्तों ने इसकी जानकारी साझा की। तभी से ऐसे नलों में टोटी लगाने के लिए अभियान प्रारंभ किया है। आयुक्त पांडेय ने भिलाई शहर के सभी नागरिको से अपील की है कि नल का उपयोग करते समय सावधानी बरतें और टोटी का सही उपयोग करें, ताकि पानी का महत्व समझा जा सके और संसाधनों की बर्बादी रोकी जा सके। नल है तो जल है और जल है तो कल है। "जल है तो कल है" यदि आज हम पानी बचाएंगे, तभी हमारा भविष्य कल सुरक्षित रहेगा।

## साम्राज्यवाद विरोधी दिवस सभा पर संयुक्त यूनियन ने किया बड़ा प्रदर्शन

# युद्ध के चलते मिडिल ईस्ट में फंसे भारतीयों को सुरक्षित स्वदेश लाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

अमरीका -इजरायल और इरान के बीच छिड़े भयंकर युद्ध का दुष्प्रभाव कई देशों के साथ भारत पर भी पड़ रहा है। युद्ध के दौरान मिडिल ईस्ट में हमारे देश के नागरिक भी असुरक्षा महसूस कर रहे हैं। भारत के नागरिकों को सरकार तत्काल सुरक्षित बाहर निकालकर स्वदेश लाए। भारत सरकार विश्व शांति के लिए खुद को दुनिया का सरपंच समझने वाले अमरीका के सामने किसी भी स्थिति में चुप्पी साधकर नतमस्तक न हो। इन अहम मांगों को लेकर संयुक्त यूनियन भिलाई के बैनर तले मंगलवार की शाम को सिविकसेंटर बेरोजगार चौक में साम्राज्यवाद विरोध दिवस सभा का आयोजन किया गया है। सभा में इंटक, सीटू, एटक, एचएमएस, एक्टू, लोइमू, स्टील वर्कर्स यूनियन और छग मुक्ति मोर्चा समिति आदि श्रमिक संगठनों के सहित विभिन्न जन संगठनों के लोग उपस्थित थे।

भिलाई। संयुक्त यूनियन ने अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर परमाणु बम बनाने का आरोप लगाते हुए उसे रोकने के नाम पर शुरू किए गए युद्ध और ईरान के सुप्रीम कमांडर एवं अन्य प्रमुखों की हत्या करने की कड़ी निंदा करते हुए तत्काल युद्ध रोकने की मांग को लेकर प्रदर्शन सभा किया। प्रदर्शनकारियों ने अमरीका की गुंडागर्दी बंद करने, निर्दोष नागरिकों की हत्या के विरोध और विश्व शांति के समर्थन में नारेबाजी की । राष्ट्रपति के नाम थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर अमरीकी साम्राज्यवादी नीति के विरोध में विश्व शांति के लिए योगदान के पहल की मांग की।

संयुक्त यूनियन के नेताओं ने सभा में कहा कि सिविलियन इंफ्रास्ट्रक्चर, अस्पतालों, एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन और शहरी इलाकों को कायरतापूर्ण तरीके से निशाना बनाना, जिनेवा कन्वेंशन समेत इंटरनेशनल मानवीय कानूनों का उल्लंघन है। ज्ञापन में मांग किया गया है कि केंद्र सरकार भारत की पारंपरिक साम्राज्यवाद विरोधी नीति का पालन करते हुए देश की संप्रभुता का सम्मान करें। ईरान पर युद्ध को तत्काल रोकने की पहल करें और विश्व शांति के लिए देश को एकजुट करें। जन संगठनों के लोगों ने कहा कि हम भारत सरकार से यह भी मांग करते हैं कि जीसीसी देश में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए तत्काल विशेष कदम उठा। सरकार को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रवासी श्रमिक बिना किसी बाधा के अपने परिवारों को धन भेज सके और उनकी कमाई सुरक्षित रहे।

### अमेरिका की दादागीरी और निर्दोष लोगों की हत्या के विरोध में की नारेबाजी



### गैस सिलेंडर हुआ महंगा

यूनियन नेताओं ने कहा कि युद्ध से महंगाई का असर भारत में दिखने लगा है। गैस सिलेंडर महंगा हो गया है और पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ने पर आम नागरिक पर बोझ बढ़ेगा। दुनिया की तारीख गवाह है कि अमेरिका कभी भी किसी देश का सगा नहीं रहा। वहीं इसराइल ने अपने स्थापना से लेकर ही दुनिया के प्रति एक नफरत का भाव के साथ अपने आप को विध्वंसक तरीके से विकसित अमेरिका के साथ मिलकर पूरे विश्व पर दादागिरी शुरु कर दिया है। किसी भी देश में अपने उपकरणों के माध्यम से घुसकर विध्वंस मचाने एवं जासूसी करने तथा उससे पैसा बनाने की इजरायल की नीति ने भारत को भी परेशान किया है विश्व के लिए नासूर बना रहे । पूरी दुनिया पर दादागिरी कर रहे ऐसी मानवता विरोधी देश के खिलाफ पूरी दुनिया को आवाज बुलंद करना होगा।



### मार्केट को भरोसा नहीं है अपने सरकार पर

युद्ध छोड़ने के बाद से लेकर अब तक पिछले 10 दिनों के अंदर भारत के मार्केट से 30 लाख करोड़ से ज्यादा आम जनता का पैसा डूब गया। हमारे देश की केंद्र सरकार लगातार कह रही है कि हमें चिंता करने की आवश्यकता नहीं है हमारे पास पर्याप्त गैस एवं तेल का भंडार है सब कुछ नियंत्रण में है देश में महंगाई नहीं बनने वाली है। बावजूद इसके हमारे देश के मार्केट को हमारे केंद्र सरकार के आश्वासन पर भरोसा नहीं है जिसके नतीजा स्वरूप मार्केट गिर रहा है और हमारे देश के मेहनत का शो का पैसा डूब रहा है।प्रदर्शन के दौरान संयुक्त यूनियन में एक स्वर में कहा कि इसराइल और अमेरिका के द्वारा ईरान पर हमला करके शुरू किए गए युद्ध के शुरुआत में ही ईरान के एक बच्चियों के स्कूल पर किए गए हमले की कड़ी निंदा करता है । इस हमले में उसे स्कूल में पढ़ने वाले 165 बच्चियों सहित स्कूल के स्टाफ की मृत्यु हो गई।

### भारत का स्वाभिमान खतरे में क्यों है

संयुक्त यूनियन ने कहा कि देश नहीं झुकने देंगे देश नहीं बिकने देगी तब नारा देने वाले प्रधानमंत्री के मुंह पर अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा लगातार किए जा रही अपमान से भारत का स्वाभिमान लगातार तार तार हो रहा है अमेरिका जब भारत से कहता है कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर दें तब हमारे देश के प्रधानमंत्री वैसा ही करने लगते हैं और अब युद्ध की स्थिति में अमेरिका भारत को रूस से तेल खरीदने के लिए 30 दिन की मोहलत दे रहा है। अमेरिका भारत को कभी टैरिफ की धमकी देता है कभी भारत को पाकिस्तान के सामने नीचा दिखाते हुए बयान देता है और इस सब पर हमारे देश के प्रधानमंत्री चुप रहकर देश के स्वाभिमान को ही खतरे में डाल रहे हैं उनका ऐसे करने के पीछे क्या मजबूरी है प्रधानमंत्री जवाब दे। तेल एवं गैस उत्पादन करने वाले उद्योगों पर ही बमबारी शुरू कर दी गई है । भारत में आने वाले 60% कच्चे तेल पर लगभग रोक लग गई है मार्केट लगातार नीचे जा रहा है जिसका सीधा असर हमारे देश के सामान्य एवं मध्यम वर्ग पर पड रहा है। केंद्र सरकार ने घरेलू गैस में 60 प्रति सिलेंडर एवं कमर्शियल गैस में 120 प्रति सिलेंडर दाम बढ़ा दिया है।

# जिले के 2 हजार एनएमएच कर्मियों को 36 दिन की हड़ताल अवधि की नहीं मिली सैलरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

स्वास्थ्य विभाग के एनएचएम कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। इन कर्मियों ने आश्वासन से हड़ताल खत्म कर काम पर वापसी की लेकिन वे नाखुश हैं। इसकी वजह से है कि इन कर्मियों को को हड़ताल अवधि 33 दिन 2 दिन और 1 दिन इस प्रकार 36 दिन के हड़ताल का सैलरी अब तक नहीं मिला है। अप्रैल से नया सत्र चालू हो जाता है। यदि मार्च में हड़ताल का 36 दिन का सैलरी नहीं दिया गया तो एनएचएम कर्मचारियों का हड़ताल का पैसा लैप्स हो सकता है।

- वित्तीय वर्ष मार्च तक हड़ताल अवधि का वेतन नहीं मिला तो हो जाएगा लेप्स

### जिले के 2 हजार एनएचएम कर्मी नाराज

दुर्ग जिले में करीब 2 हजार एनएचएम कर्मी हैं। ये कर्मी जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल सुपेला, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतई, पाटन, भिलाई तीन, झीट, धमधा आदि के अलावा स्वास्थ्य केंद्रों में सेवाएं दे रहे हैं। मैदानी स्तर पर भी ज्यादातर कर्मी पदस्थ हैं। टीकाकरण, मलेरिया, फाइलेरिया, अधंत्व निवारण, टीबी, कुष्ठ से लेकर अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों में एनएचएम कर्मी हैं। हड़ताल के बाद उनकी सेवाएं जारी है लेकिन निराशा इसलिए हैं कि वेतन और हड़ताल अवधि का पैसा नहीं मिला। जिन शर्तों को माना गया है उसका भी आदेश नहीं मिल पाया है।

### दीगर विभाग के हड़ताली कर्मचारियों को मिला वेतन

एनएचएम कर्मी संघ दुर्ग जिला के पदाधिकारियों ने बताया कि शासन द्वारा इससे पहले अन्य विभाग के हड़ताली कर्मचारियों को हड़ताल अवधि का सैलरी दिया गया है। होली के त्यौहार खत्म हो गया और स्वास्थ्य विभाग में 24 घंटे सेवा देने वाले कर्मचारियों को ना ही सैलरी मिला ,साथ ही एनएचएम में काम कर रहे तीन साल और पांच साल वाले कर्मचारियों का सैलरी वो भी नहीं बढ़ा है। साथ ही कर्मचारियों का सैलरी 15 से 24 तारीख के बीच आता है। जिससे कर्मचारियों को अपना घर चलाने के लिए बहुत सारी परेशानियों को सामना करना पड़ता है। पिछले माह जनवरी माह का सैलरी 16 फरवरी को दिया गया। जिससे कर्मचारियों में काफी आक्रोश है।

## विधायक रिकेश की तत्परता से शांति नगर मैदान का निजीकरण रुका

**भिलाई।** वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने शांति नगर दशहरा मैदान को



निजी हाथों में सौंपने की नगर निगम की योजना की जानकारी मिलते ही तत्काल हस्तक्षेप कर इस निर्णय को निरस्त करने के निर्देश दिए हैं। मैदान के निजीकरण और भविष्य में उसे बेचे जाने की आशंका को देखते हुए विधायक ने तत्काल नगर निगम आयुक्त से चर्चा की। विधायक के कड़े रुख के बाद निगम प्रशासन को टेंडर प्रक्रिया पर रोक लगाना पड़ा है। शांति नगर क्षेत्र के निवासियों ने इस निजीकरण के विरोध में 'जन आक्रोश रैली' की तैयारी कर ली थी। जैसे ही यह विषय विधायक के संज्ञान में आया, उन्होंने विधानसभा सत्र की व्यस्तता के बावजूद जनभावनाओं को प्राथमिकता दी और स्पष्ट किया कि वर्तमान शहर सरकार' के ऐसे फैसलों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा जो सार्वजनिक हितों के विरुद्ध हों। विधायक की इस त्वरित और सकारात्मक पहल से क्षेत्र के खेल प्रेमियों, बुजुर्गों और युवाओं में हर्ष की लहर है।

- संजय नगर के बाद अब शांति नगर मैदान को निजीकरण से बचाया

## मकान में चल रहा था देह व्यापार, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

मकान में देह व्यापार का अवैध कारोबार चल रहा था। पुलिस को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची और मकान में दबिश देकर महिला व पुरुष को गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि नेहरु नगर स्थित विद्या विहार कॉलोनी स्थित मकान नंबर 146/8 मकान से धनवंती रावत उर्फ रीना सिंह रावत और जयंती नगर मस्जिद के पास, वार्ड क्रमांक 16 दुर्ग अमन शेख को गिरफ्तार किया गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मकान से 8 महिलाओं को संदेह के आधार पर पकड़ा गया।



पूछताछ करने पर कई अहम जानकारी मिली। महिलाओं ने पुलिस को बताया कि उक्त मकान में महिलाओं को बुलाकर देह व्यापार कराया जा रहा था। मौके से संचालिका धनवंती और ग्राहक अमन को पकड़ा गया। मकान से कई संदिग्ध वस्तु व 12 मोबाइल, बाइक, नगदी 5500 रुपए जब्त किया गया है।

## 12 वीं अंग्रेजी विषय के विद्यार्थियों ने दिए परचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल आयोजित मंगलवार को हायर सेकेण्डरी स्कूल 12वीं में अंग्रेजी विषय की परीक्षा हुई। परीक्षा के दौरान जिला व ब्लॉक स्तर पर गठित उड़नदस्ता दल ने निरीक्षण किया। एक भी विद्यार्थी नकल करते नहीं पाया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने पांच परीक्षा केंद्रों में दबिश दी। परीक्षा केंद्र क्रमांक 142062 सन साईन 142001 तुलाराम स्कूल, 141071 खपरी, 141008 खम्हरिया 141016 रूआबांधा में पहुंचे। तनवीर अकील, सहायक जिला क्रीड़ाअधिकारी ने परीक्षा केंद्र



क्रमांक 141076 बोरसी, 141014 पुई 141022 पाठ्ययारा, 14:1018 अण्डा, 141019 चंदखुरी, 141038 महात्मा गांधी 141001 तकियापारा, 142018 विद्यापीठ किला मंदिर 141002 आदर्श कन्या दुर्ग का निरीक्षण किया। डी. के. देवांगन ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पाटन ने चार केंद्रों का निरीक्षण किया। जिसमें 147167 सोमनी, 141134 पुपया 147148 पुरैना, 141115 भिलाई 03 शामिल हैं।

### निगम आयुक्त पांडेय ने गुणवत्ता के साथ कार्य में गति लाने के दिए निर्देश

# मुख्य नाला निर्माण और सीमेंटीकरण कार्यों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शहर के विभिन्न वार्डों में चल रहे विकास कार्यों का सघन निरीक्षण किया। शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और जनसुविधाओं में विस्तार के उद्देश्य से आयुक्त ने निर्माणाधीन मुख्य नाला एवं सीमेंटीकरण कार्यों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए।

वार्ड क्रमांक 1 मॉडल टाउन पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास मुख्य नाला निर्माण कार्य का अवलोकन किया गया। आगामी वर्षा ऋतु में जलभराव की समस्या न हो, इसके लिए नाले का चौड़ीकरण एवं गहरीकरण कराया जा रहा है। जनमानस और जीव-जंतुओं की सुरक्षा हेतु नाले के दोनों किनारों पर सुरक्षा दीवार (रिटेनिंग वॉल)



का निर्माण किया जा रहा है। कोहका सड़क क्रमांक 2 एवं 3 में 98 लाख रुपये की लागत से हो रहे सीमेंटीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया। आयुक्त ने कहा कि इस सड़क के बनने से स्थानीय नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी।

### गंदे पानी की निकासी हो

आयुक्त पांडेय ने निरीक्षण के दौरान कहा कि सड़क निर्माण के साथ ही गंदे पानी की सुचारू निकासी हेतु सड़क किनारे नालियों का निर्माण भी सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि जल जमाव की स्थिति निर्मित न हो। विकास कार्यों में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। निर्माण कार्यों को समय-सीमा के भीतर पूर्ण करें ताकि आम नागरिकों को जल्द से जल्द इन सुविधाओं का लाभ मिल सके। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, उप अभियंता पुरुषोत्तम सिन्हा, रीमा जामुलकर, बसंत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी सुनील जोशी तथा जोन स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।




02
आईएमए ने किया 30 वरिष्ठ महिला डॉक्टर्स का सम्मान

लाइव इवेंट

## नंगड़ा की थाप पर फाग गीतों ने बिखेरा उल्लास, कविता में बताई नारी गाथा



**भिलाई।** सर्व समाज संगठन भिलाई महिला प्रकोष्ठ का पहला अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन और होली मिलन समारोह प्रदेश महिला अध्यक्ष कुमुद ताम्रकार के नेतृत्व में दुर्गा मंच आशीष नगर रिसाली में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान नंगड़ा के थाप पर फाग गीतों ने पूरे वातावरण में उल्लास भर दिया। कार्यक्रम की शुरुवात छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना से हुई। उमा साहू के स्वागत भाषण के बाद नारी स्वालंबन पर अध्यक्ष सहित डिकेश्वरी पटेल, नीता देशमुख, मीना साहू, अनिता वर्मा, सीमा साहू, कुमारी साहू ने अपने विचार व्यक्त किये। साथ ही महिला दिवस और होली की बधाई देते हुए फूलों की होली उत्साह एवं उमंग के साथ खेली गई। इस अवसर पर शकुन मरकाम, पुष्पा यादव, हेमलता पटेल, रेखा साहू, देमन सिन्हा, मीना साहू, भूमिका देवांगन, लता साहू, सुनीता नागवंशी, ममता साहू, लता चंद्राकर, सुरेखा साहू द्वारा नंगड़ा के थाप में फाग गीतों की से पूरा वातावरण उल्लासित हो गया। कार्यक्रम का संचालन रूखमणी पटेल और आभार प्रदर्शन मुकेश्वरी साहू ने किया। इस अवसर पर कालोनी के महिलाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति और सहभागिता रही।

लाइव इवेंट

## आरईडी विभाग में सुरक्षा जागरुकता सप्ताह शुरू



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के रिफ्रैक्टरी इंजीनियरिंग विभाग (आरईडी) द्वारा सुरक्षा जागरुकता सप्ताह- 2026 का आयोजन कॉन्फ्रेंस हाल में किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार व विशिष्ठ अतिथि सीजीएम देबदत्त सतपथी, प्रोसेनजीत दास तथा महाप्रबंधक के सुपर्णा उपस्थित थीं।

राकेश कुमार ने कहा कि रिफ्रैक्टरी विफलताएं कई बार गंभीर परिचालन एवं वित्तीय हानि का कारण बनती हैं। उन्होंने कर्मचारियों से अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण सावधानी एवं जिम्मेदारी के साथ करने, विफलताओं का विश्लेषण कर उनकी पुनरावृत्ति रोकने व मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का कड़ाई से पालन करने का आग्रह किया।

कार्यक्रम के दौरान हाल की कुछ घटनाओं का संक्षिप्त उल्लेख करते हुए सुरक्षा नियमों के कड़ाई से पालन की आवश्यकता को रेखांकित किया गया। देबदत्त सतपथी संयंत्र की सुरक्षा संस्कृति को और मजबूत बनाने के लिए विक्रेताओं एवं संविदा श्रमिकों की भागीदारी पर बल दिया।

मुख्य महाप्रबंधक आरई दास ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन सहायक महाप्रबंधक मालिनी परगनिहा ने किया ।

लाइव इवेंट

## रोजा-इफ्तार में की गई अमन की दुआएं, महिला दिवस किया सैलिब्रेट



**भिलाई।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी की ओर से रोजा इफ्तार का आयोजन जामा मस्जिद सेक्टर-6 के सामाजिक भवन में किया गया। इस दौरान 300 से ज्यादा रोजेदार शामिल हुए। इफ्तार और नमाज के बाद मुल्क में अमन व सलामती की दुआएं मांगी गई। वेलफेयर सोसाइटी की डायरेक्टर अंजुम अली ने बताया कि इफ्तार में बैतुल माल कमेटी, अंजुमन हुसैनिया, हजरत बीवी फातिमा जहरा कमेटी व अन्य संगठन के लोगों ने भी अपनी भागीदारी दी। आयोजन में अल मदद सोसाइटी की ओर से कौसर खान सचिव, सह सचिव कैसर इकबाल, शीरीन, फरीदा, लीना तजमीन, कोषाध्यक्ष शाहीन खान, दिलशाद, आलिया यासमीन, आयशा आलम, एसएन शेख, नीलोफर, शीरीन, रुखसाना, रुबीना, नर्गिस, डॉ. अमरीन, सायरा, सरवरी, कमर सुल्ताना, अनीस,रेहाना, दरख्शां अंजुम, शमा, जलाल, रानी, समीना खान, आलिया, गुल निशा, साबरा, सैयद जमशेद अली, सगीर खान, तौहीद अली, निसार, आरिफ खान, शौकत इकबाल, जलालुद्दीन बैतुलमाल कमेटी के हफीज खान और मोहम्मद अलीम का विशेष योगदान रहा।

### अग्रवाल समाज दुर्ग द्वारा भव्य शपथ ग्रहण समारोह एवं होली मिलन कार्यक्रम सम्पन्न

# लाइव बैंड व धमाल पर फूलों की होली खेलकर आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का दिया संदेश, कलाकारों की आकर्षक प्रस्तुतियों में झूमे लोग

**अग्रवाल समाज द्वारा अग्रसेन भवन दुर्ग में नवगठित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह और होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ, महिलाएं और युवा सहित बड़ी संख्या में समाजिक जन उपस्थित रहे। इस अवसर पर होली धमाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों की आकर्षक प्रस्तुतियों एवं संगीत के साथ समाजिकजनों ने फूलों की होली खेलकर आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी समाजजन इस रंगारंग आयोजन का भरपूर आनंद लेते नजर आए।**

**दुर्ग।** इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग की महापौर अल्का बाघमार, नगर पंचायत थान खम्हरिया अध्यक्ष अनीता चंदन अग्रवाल, विजय अग्रवाल, कमल नारायण रूंगटा, महेंद्र सेक्सरिया, बिमल सेक्सरिया, संजय रूंगटा, खुर्सीपार अग्रवाल समाज अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, महासचिव रतनलाल अग्रवाल और अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन से रूही अग्रवाल उपस्थित रही। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा महाराजा अग्रसेन के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। पूर्व अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल द्वारा सुझाव दिया। कार्यक्रम के संचालक मनोज अग्रवाल ने किया। इसके पश्चात संरक्षक सुधीर अग्रवाल और कैलाश रूंगटा की उपस्थिति में अग्रवाल समाज दुर्ग के अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, महिला मंडल अध्यक्ष सरिता अग्रवाल और युवा मंडल अध्यक्ष हिमांशु अग्रवाल ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को विधिवत पदभार सौंपा।



### इन्हें मिली जिम्मेंदारी

अग्रवाल समाज दुर्ग के उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी मुरारी अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि नव-निर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष ललित सेक्सरिया, महासचिव प्रह्लाद रूंगटा, कोषाध्यक्ष संजय गर्ग, महिला मंडल अध्यक्ष नीलू अग्रवाल, महिला महासचिव श्वेता अग्रवाल, महिला कोषाध्यक्ष तृप्ति अग्रवाल, युवा मंडल अध्यक्ष अमूल बंसल, युवा मंडल महासचिव रजत अग्रवाल सहित समस्त कार्यकारिणी पदाधिकारियों को पदभार ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों ने समाज सेवा के प्रति पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लिया।

### सामाजिक उत्थान के लिए मिलकर कार्य करने किया प्रोत्साहित

इस अवसर पर जलसा ग्रुप गोंदिया द्वारा प्रस्तुत होली धमाल कार्यक्रम ने पूरे वातावरण को उत्साह और आनंद से भर दिया। कलाकारों की आकर्षक प्रस्तुतियों एवं संगीत के साथ समाजजनों ने जमकर फूलों की होली खेली। कार्यक्रम में उपस्थित सभी समाजजन इस रंगारंग आयोजन का भरपूर आनंद लेते नजर आए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अनीता चंदन अग्रवाल ने समाज की एकता, संगठन एवं सामाजिक उत्थान के लिए मिलकर कार्य करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर अग्रवाल यूथ क्लब से अध्यक्ष अनूप अग्रवाल एवं महासचिव मुकेश सिंघानिया भी उपस्थित रहे। अंत में सभी अतिथियों एवं समाजजनों के प्रति आभार संजय गर्ग द्वारा व्यक्त किया गया। इस दौरान वातावरण पूरे समय उत्साह, आत्मीयता एवं सामाजिक एकता की भावना से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम में मनीषा अग्रवाल, शालिनी अग्रवाल, मुक्ता गर्ग, ममता अग्रवाल, कपिला अग्रवाल, श्वेता रूंगटा, अंजू सिंघल, अनीता अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, अजय अग्रवाल, चंकी अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, अमूल बंसल, डॉ. अंशुल रूंगटा, लक्की अग्रवाल, रौनक गर्ग, रजत अग्रवाल, डॉ. सुमित रूंगटा, रजत जिंदल सहित सभी जामाजिक जन उपस्थित थे।

### क्षत्रिय कल्याण सभा सेक्टर 7 में खेली फूलों की होली

क्षत्रिय कल्याण सभा सेक्टर 7 मे कल महिला दिवस एवं होली मिलन का कार्यक्रम किया गया। जिसमें क्षत्रिय कल्याण सभा महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुषमा सिंह, उमा सिंह, कल्पना सिंह, रश्मि सिंह, कंचन सिंह, किरण सिंह, पूनम सिंह, गायत्री सिंह, साधना सिंह, श्वेता सिंह, ममता शाही, शशि प्रभा सिंह, वंदना सिंह, करुणा सिंह, मीनाक्षी सिंह तोमर सहित अन्य लोगों ने मिलकर महिला दिवस का कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



## सेविकाओं को हेलमेट वितरण करके किया जागरूक



**भिलाई।** दुर्ग जिला चिकित्सालय मे जीएनएम ट्रेंनिंग सेंटर भवन के लिए छत्तीसगढ़ शासन ने 14 करोड़ की राशि दुर्ग महापौर की अनुशंसा पर स्वीकृत की है। जिसका आभार व्यक्त और महिला दिवस की शुभकामनाएं देने छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के सदस्य दुर्ग निगन पहुंचे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता, संभागीय अध्यक्ष अजय नायक, प्रांत पदाधिकारी प्रवेश पाल, महामंत्री सैयद असलम के नेतृत्व पर जीएनएम ट्रेंनिंग सेंटर के प्रभारी प्राचार्य पुष्पा बंदे, अमृता माझी जिला चिकित्सालय के में ट्रेनर चित्ररेखा बोरकर, मंजू राय, सुशीला सिंह, सरोज सिंह, नलिनी परिहार, सन कुंवर गंधर्व सहित अन्य सदस्य महापौर कार्यालय पहुंचे। इन सभी समाज सेविकाओं का दुर्ग महापौर अलका बाघमार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हेलमेट भेंट देते हुए कहा कि आप सभी समाज सेविका है हमें आपका ख्याल रखना है। वाहन चलाते समय अवश्य हेलमेट पहनें। उन्होंने चारपहिया के लिए सीट बेल्ट और दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अनिवार्य करने के प्रति सभी को जागरुक किया।

## नराकास की भाषण प्रतियोगिता



**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में बीएसपी के नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के तत्वावधान में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई द्वारा को महिला कार्मिकों के लिए तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बीएसपी के जीएम अमूल्य प्रियदर्शी व विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक प्रभारी राजीव कुमार व उपकुलसचिव हिंदी अधिकारी, आईआईटी के सचिन मिश्र, प्रशासनिक सलाहकार सुभाष पाण्डे तथा बीएसपी के उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी उपस्थित थे।

स्वागत उद्बोधनसचिन मिश्रा ने दिया। राजीव कुमार ने सभी सदस्य संस्थानों से आग्रह किया कि वे हिंदी के संवर्धन के लिए के रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन करते रहें। निर्णायक मंडल में महाप्रबंधक बोन्या मुखर्जी, महाप्रबंधक परमिता मोहन्ति तथा सहायक प्राध्यापक अंजलि चौधरी थीं। प्रतियोगिता में बीएसपी की अमृता गंगराडे ने प्रथम छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक की शाइस्ता सिद्दीकी व ऑफ बड़ौदा रिमझिम वैष्णव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंड सीनियर असिस्टेंट नेहा साहू ने किया ।

## 15 को कर्मा जयंती और होली मिलन समारोह का आयोजन

**भिलाई।** कर्मा विद्यालय समिति के द्वारा 15 मार्च को भक्त माता कर्मा जयंती और होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन कर्मा विद्यालय के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर अध्यक्ष धनसाय साहू के द्वारा बैठक बुलाई गई। उन्होंने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी पाप मोचनी एकादशी 15 मार्च को मनाई जाएगी। भक्त माता कर्मा कृष्ण मंदिर में पूजा पाठ किया जाएगा। युवा प्रकोष्ठ द्वारा शोभायात्रा भिलाई व सेक्टर एरिया में निकाली जाएगी। भक्त माता कर्मा श्रीकृष्ण मंदिर में 19 मार्च से ज्योति कलश स्थापना की जाएगी। इस अवसर पर अध्यक्ष धनसाय साहू, उपाध्यक्ष केशव साहू, चंद्र किशोर साहू, महासचिव आर लखेन्द्र साहू, कोषाध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद साहू, साहू मित्र सभा अध्यक्ष खेदराम साहू, परस राम साहू, उन्मेश साहू, भरत लाल साहू, हर्ष देव साहू, ज्ञानिक राम, मनहरण लाल साहू, महेश कुमार, प्राचार्य हरख राम साहू, तुकेश्वर साहू एवं समाजसेवी उपस्थित थे। मंच संचालन आर लखेन्द्र साहू महासचिव ने किया है।



### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय हाउसिंग बोर्ड में आयोजन

# पालक, चुकुंदर और हल्दी से बने रंगों से खेली होली नृत्य नाटिका व गेम्स के जरिये बताया मेडिटेशन के फायदे

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय हाउसिंग बोर्ड के तत्वावधान में महिला दिवस और होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पालक, चुकुंदर व हल्दी से बने प्राकृतिक रंगों से होली का तिलक लगाकर होली की महत्व भी बताया गया। साथ ही कई मनोरंजक गेम्स खेलकर मेडिटेशन कराया गया। इस अवसर पर उद्योगपति सरोजिनी पाणिग्रही, पार्षद उषा शर्मा, दीपा और ज्योति उपस्थित रहे कार्यक्रम की शुरुआत नृत्य नाटिका के द्वारा की गई। बीके वर्षा ने अपने उद्बोधन में कहा कि वास्तव में महिला दिवस तो हर दिन है, क्योंकि महिलाओं को 365 दिन छुट्टी नहीं मिलती है और वे हर दिन अलग-अलग भूमिका निभाती है। महिलाएं अबला नहीं सबला है। इतिहास गवाह है कि समाज में जब भी परिवर्तन की बात आई है तो बहने पीछे नहीं रही है चाहे रानी लक्ष्मी बाई हो चाहे, अहिल्याबाई होल्कर, जीजाबाई, पन्नाधाय, सावित्रीबाई फुले ऐसी अनेक नारियां है जिन्होंने समाज एवं राष्ट्र निर्माण में एक नई दिशा निर्देशन का कार्य किया है। आज की नारी सशक्तिकरण के नाम पर पुरुषों की बराबरी में हर क्षेत्र में अग्रसर है।



आज नारी पुरुषों की ड्रेस तो पहन ली, लेकिन अपने आप की पहचान वह भूल गई है कि वह स्वयं कौन है,जब कोई बच्ची पैदा होती है या बहू आती है तो कहते हैं लक्ष्मी आई है और वही जब चाल बदल लेती है तो को लक्ष्मी के बदले कुलक्ष्मी कही जाती है। तो यही हाल आज समाज में हो गया है जिसके लिए कहा जाता कौवा चला हंस की चाल। जिसके कारण आज जब हम अपने लक्ष्य से भटक जाते हैं तभी आज घर परिवार समाज में विघटन हो रहा है।

### परिवारों का हो रहा विघटन



पहले एक ही छत के नीचे पूरा परिवार रहता था आज विघटन हो रहा है क्योंकि वहां सत्संग नहीं रहा। पहले सुबह उठना, परमात्मा को याद करना, भजन करना, लेकिन आज संस्कृति बदलती जा रही है आज हम होली का पर्व तो बहुत उल्लास से मनाते हैं जो हमें संदेश भी देता है कि रंगों का त्योहार परंतु क्या आज हमारे जीवन में रंग से बेरंग क्यों है, खुशी क्यों नहीं। आनंद नहीं सुख नहीं शांति नहीं। जब तक यह रंग हमारे जीवन में नहीं तब तक हम वास्तव में बेरंग ही रहेंगे और यह रंग हमें मिलेगा परमात्मा के संग के रंग से। परमात्मा का ऐसा रंग है जो एक बार लग जाता है तो कोई और रंग की आवश्यकता नहीं होती। इस दौरान सभी को एक दूसरे से गले मिलने की एक्सरसाइज कराते हुए उसका सार बताया गया। गुब्बारे का गेम भी कराया गया। सभी ने खेल का आनंद लिया। प्राकृतिक रुप से बने चुकंदर, पालक और हल्दी के रंगों को लगाकर होली मनाई गई सात ही फूलों की भी वर्षा की गई। कार्यक्रम का संचालन मनीषा ने किया गया। संस्था में 9 मार्च से सुबह 7 से 8 और शाम 7 से 8 बजे तक निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया है।

## सिटी इवेंट

## महिलाओं ने मेहनत और दृढ़ संकल्प से बनाई पहचान



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर सिंह निषाद के अध्यक्षता पर केंद्रीय कार्यालय कोहका भिलाई-दुर्ग में समीक्षा बैठक व प्रदेश स्तरीय चुनावी खर्च आय-व्यय की जानकारी दी। राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर प्रदेश, जिला, परिक्षेत्र एवं महिला सरपंच, जनपद जैसे विभिन्न समाज की महिलाएं शामिल हुई। उत्कृष्ट महिलाओं को सम्मान किया गया। प्रदेश महिला उपाध्यक्ष गायत्री केवट ने कहा कि महिलाओं के जज्बे उनकी शक्ति और समाज में उनके अतुल्यनीय योगदान को सम्मान देने को कहा चाहे घर हो या दफ्तर खेल का मैदान हो या अंतरिक्ष महिलाओं ने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प से हर जगह अपनी पहचान बनाई है। बैठक में बोधी राम निषाद, मनोहर, ईश्वर, मल्लेश, गायत्री केवट, मीना, अशोक, वरिष्ठ पदाधिकारी रवि, भोज, झुमुक, संतोषी, भाखरा नेमा, जानकी, संतोषी, माधुरी, ललिता, देवकी, बसंती सहित अन्य मौजूद थे।

- छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज में मनाया गया महिला दिवस
- समीक्षा बैठक में आय-व्यय की दी जानकारी



## धर्म लाइव

## बिजली कंपनी में सेवारत महिलाओं का हुआ सम्मान



**दुर्ग।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र की महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ऋतु खंडेलवाल उपस्थित रहीं।

खंडेलवाल ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी योग्यता साबित कर रही हैं। उन्होंने सभी महिला कर्मियों को उनके समर्पण और कार्यकुशलता के लिए बधाई दी। इस गरिमामयी आयोजन में कार्यपालन अभियंता अनसुइया ठाकुर, प्रकाशन अधिकारी माया चंद्राकर, विधि अधिकारी रश्मि शर्मा, निज सचिव रमणी राजेंद्रन, सहायक अभियंता वंदना ढवले, प्रोग्रामर सफीना निगार, कार्यालय सहायक लिसी बी जार्ज, कुसुम साहू, रुचि वर्मा सहित माया रामटेके, पार्वती नेताम, सीमा एवं कुमारी रामेश्वरी शामिल रहीं। कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण पर चर्चा के साथ-साथ मनोरंजक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। विभाग की महिला कर्मियों ने आपसी सामंजस्य व सहयोग की भावना को साझा किया।

## रामनवमीं की तैयारियों को लेकर हुई बैठक, निकलेगी शोभायात्रा



**भिलाई।** हिन्द नवजागरण सेवा समिति रावण भाटा सुपेला में रामनवमी को लेकर बैठक ली गई। बैठक में हिन्द नवजागरण सेवा समिति के सुपेला प्रखंड अध्यक्ष रमेश माने ने समिति के सदस्यों का प्रमाण देकर सम्मान किया गया। सम्मान होने वाले में रवि साहू, रमेश देशमुख, अमन गुप्ता, चंद्र प्रकाश बंजारे, पूर्वोत्तर यादव, महादेव गौतम, रमन, करन प्रसाद, प्रमोद थे। बैठक में रामनवमी पर रावण भाटा से शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसकी तैयारियों जोरों पर है बैठक में अनेक विषयों पर चर्चा भी की ग। हर रविवार को सदस्यों की बैठक लेकर आगे की तैयारियों पर चर्चा की जाएग।

## विवेकानंद नगर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सप्ताह कल से

**दुर्ग।** स्थानीय विवेकानंद नगर गणपति चौक शिवमंदिर के पास बोरसी रोड दुर्ग में 12 से 20 मार्च तक आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। प्रवचनकर्ता पं. चन्द्रनील द्विवेदी बानबरद अहिवारा वाले है।

कार्यक्रम की शुरुआत 12 मार्च को कलश यात्रा से होगी। इसके बाद वेदी पूजा होगी। 13 मार्च को कथा प्रारंभ होगी। परीक्षित श्राप का कथा सुनाई गई। 14 मार्च ध्रुव चरित्र, 15 मार्च प्रहलाद चरित्र, 16 मार्च श्रीकृष्ण जन्म, 17 मार्च वृंदावन लीला, गोवर्धन लीला, 18 मार्च रूखमणि विवाह, 19 मार्च सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, भागवत, चढ़ौत्री, नगर भ्रमण, 20 मार्च गीता पाठ, तुलसी वर्षा, हवन पूर्णाहूति होगी। कथा का समय दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तय किया गया है।

---

● सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल की योजनाओं के हितग्राहियों को वितरित किया गया चेक

# सरकारी योजनाओं से जोड़ने श्रमिकों का पंजीयन 9556 को 10.42 करोड़ की सहायता राशि जारी

**दुर्ग।** श्रम विभाग द्वारा श्रमिक सम्मेलन का आयोजन मंगलवार को महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में आयोजित किया गया। सम्मेलन के दौरान छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित श्रमिकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से 9 हजार 556 श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के तहत लगभग 10 करोड़ 42 लाख 7 हजार 343 रुपए की राशि दी की गई। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने छग भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत संचालित योजनाओं के हितग्राहियों को प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए। इनमें मिनीमाता महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर सुरक्षा उपकरण सहायता योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना और मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना शामिल हैं।



### श्रमिकों के कल्याण के लिए छग सरकार में अनेक योजनाएं

श्रमिक सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में श्रमिकों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा लगातार योजनाएं संचालित की जा रही हैं। मजदूरों द्वारा विभिन्न प्रकार के काम करके अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। ऐसे में यदि किसी श्रमिक के साथ कोई दुर्घटना हो जाती थी तो उसके परिवार को जीवन भर आर्थिक परेशानी झेलनी पड़ती थी। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल का गठन किया गया। मंडल के माध्यम से प्रदेश के मजदूर भाई-बहनों का श्रम विभाग में पंजीयन शुरू किया गया और श्रमिक कार्ड बनाए गए, ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। साथ ही महिला श्रमिकों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई मशीन उपलब्ध कराई गई, जिससे वे घर बैठे काम कर सकें।





### श्रमिक श्रम विभाग में कराएं पंजीयन योजनाओं का ले लाभ

राज्य में गरीबों के लिए दो रुपये किलो चावल की योजना भी शुरू की गई थी। पहले यह सुविधा केवल गरीबी रेखा के अंतर्गत आने वाले परिवारों को मिलती थी, लेकिन बाद में श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिक कार्ड धारकों को भी इसका लाभ मिलने लगा। इस तरह श्रमिकों को राशन कार्ड और श्रम कार्ड के माध्यम से खाद्य सुरक्षा भी सुनिश्चित की गई। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से श्रमिक परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। मंत्री ने श्रमिकों से अपील करते हुए कहा कि वे श्रम विभाग में पंजीयन कराकर इन योजनाओं का लाभ उठाएं। इस अवसर पर अध्यक्ष छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल ने भी मंडल द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने भी संक्षिप्त उद्बोधन दिया। इस अवसर पर तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, भोजराम सिन्हा, तुलसी साहू, ललेश्वरी साहू, पार्षद मनीष कोठारी, पार्षद गुलराम साहू, अध्यक्ष महिला मोर्चा स्वीटी कौशिक, अध्यक्ष जनपद पंचायत पाटन कीर्ति नायक, श्रम अधिकारी विकास सरोडे, श्रम निरीक्षक बसंत वर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित थे।

---

## हाउसिंग बोर्ड सिंधी समाज का कार्यक्रम

## महिलाओं को एकजुट करने एवं समाजसेवा में अग्रणी रहने वाली महिलाओं का सम्मान



**भिलाई।** हाउसिंग बोर्ड सिंधी समाज की महिलाओं द्वारा साईं झूलेलाल धाम 32 एकड़ हाउसिंग बोर्ड औद्योगिक क्षेत्र भिलाई में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। संध्याकालीन कार्यक्रमों की शुरुआत सर्वप्रथम वैश्विक शान्ति एवं कल्याण की प्रार्थनाओं द्वारा हुई। इसके बाद साईं झूलेलाल एवं मातृ शक्ति समाज की कुलदेवी हिंगलाज माता के भजनों से महिला स्वरूप की आराधना की गई। महिला सशक्तिकरण के नारों द्वारा कार्यक्रम का हाल गूंज उठा। विभिन्न सांस्कृतिक आयोजनों में गेम्स ,नृत्य, संगीत, क्विज कांटेस्ट,खेलकूद की प्रतियोगिता हुई। जिसमें महिलाओं का वैश्विक उत्थान ,सम्मान बढ़ाने के संदेश संबंधी विषयों पर कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का ड्रेस कोड भारतीय पारंपरिक परिधान साड़ी था। प्रतियोगिता में विजयी होने होने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया गया।

साईं झूलेलाल धाम महिला मंडल हाउसिंग बोर्ड की अध्यक्ष लक्ष्मी नागदेव ने कहा कि समाज की महिलाओं को एकता के सूत्र में पिरोए रखने के लिए प्रेरित किया। समाज सेविका मोनिका जय सिंह को



भी समाज सेवा के क्षेत्र में सदैव अग्रणी रहने के लिए महिला मंडल की ओर से प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। समाज के अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र कृष्णानी उपाध्यक्ष सुभाष भगत, सांस्कृतिक सचिव हरीश लालवानी मुख्य सलाहकार सुरेश नागदेव ने महिला मंडल को इस अवसर पर शुभकामनाएं प्रेषित कर महिलाओं को प्रकृति एवं सृष्टि के अनुपम उपहार से उपमा की। इस अवसर पर लता मेहरचंदानी, कमला भगत, वंदना कृष्णानी, निर्मला कृष्णानी, आशा छाबड़िया, रानी छाबड़िया, अलका थारवानी सहित अन्य मौजूद थे।

## आयोजन

## आईएमए ने किया 30 वरिष्ठ महिला डॉक्टर्स का सम्मान



**दुर्ग।** आईएमए दुर्ग छत्तीसगढ़ द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर मंगलवार को आईएमए भवन में वरिष्ठ डॉक्टरों का सम्मान किया गया। इसमें डॉ. मालती वाघेला, डॉ. उर्मिला सराफ, डॉ. रत्ना गुलाटी, डॉ. शांता दास, डॉ. प्रतिभा दानी, डॉ. वंदना गुप्ता, डॉ. दीप्ति प्रकाश सक्सेना, डॉ. उषा शर्मा, डॉ. उज्ज्वला तामेर, डॉ. विदुला गांधी, डॉ. नीता शुक्ला, डॉ. विनीता नाइक, डॉ. मधु श्रीवास्तव, डॉ. ज्योति गुरुबक्सानी, डॉ. मीनाक्षी केकरे मुख्य अतिथि श्री गंगाजली एजुकेशन सोसाइटी अध्यक्ष डॉ. जया मिश्रा की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दुर्ग की करीब 30 महिला डॉक्टर्स ने इसमें भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. मानसी गुलाटी द्वारा व्याख्यान व डॉ. दिप्ती प्रकाश सक्सेना, डॉ. ममता द्वारा कविता पाठ किया गया। आईएमए दुर्ग छत्तीसगढ़ अध्यक्ष शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. रजनीश कान्त मल्होत्रा ने स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम की अध्यक्षता की। सचिव शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. ज्ञानेश मिश्रा ने मंच संचालन व धन्यवाद प्रस्ताव किया।

**आईएमए भवन में किया गया कार्यक्रम**

---

सर्वधर्म सेवा संस्था का आयोजन, 25 स्कूलों एवं शैक्षणिक संस्थानों में विशेष जागरुकता कार्यक्रम

# महिला स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण जागरुकता पखवाड़ा छात्राओं को आंतरिक व बाहरी सुरक्षा की दी गई जानकारी

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सर्वधर्म सेवा संस्था द्वारा समाज में बालिकाओं और महिलाओं के स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षा और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 9 से 30 मार्च तक महिला स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण जागरुकता पखवाड़ा शुरू किया गया है। कार्यक्रम की शुरूआत पखवाड़े के प्रथम आमदी नगर विद्या निकेतन हुडको से की गई। यहां उपस्थित 100 छात्राओं व शिक्षिकाओं को आंतरिक व बाहरी सुरक्षा की जानकारी दी गयी तथा राज्य सरकार के वीर हनुमान सिंह अवार्ड से सम्मानित कराते मास्टर अमल तालुकदार व कुमारी श्रन्या दास, कुमारी काव्या दास द्वारा छात्राओं को आत्म रक्षा के गुर सिखाये गये। पखवाड़े के अंतर्गत 25 स्कूलों एवं शैक्षणिक संस्थानों में विशेष जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें छात्राओं को सैनिटरी पैड का निःशुल्क वितरण किया जायेगा तथा मासिक धर्म स्वच्छता, महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा, कानूनी अधिकार और नारी सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को बताया जा रहा है कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, इसे लेकर समाज में व्याप्त झिझक और भ्रांतियों को दूर करना आवश्यक है।



### बताए जा रहे स्वच्छता के नियम

साथ ही छात्राओं को स्वच्छता के नियम, स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां, आत्मविश्वास और आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम संस्था के अध्यक्ष सुरेश खांडवे की अगुवाई में संचालित किया जा रहा है। इसमें संस्था के संरक्षक वीरेंद्र सतपथी व शहाना कुरैशी का मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। वहीं संस्था के संस्थापक प्रतीक भोई सहित राकेश रत्नाकर, घनश्याम पांडे, रघुवंश सैनी, रमेश प्रजापति, गायत्री गोस्वामी, अरुणा शर्मा, जया सरनाइक, मनमोहन सिंह, मंजू चौरसिया व संस्था के पदाधिकारी और स्वयंसेवक सक्रिय रूप से इस सामाजिक अभियान को गति देंगे।



### जागरुकता ही सशक्तिकरण की सबसे बड़ी शक्ति

इसी क्रम में छात्राओं के बीच विशेष जागरुकता हैंड बिल भी वितरित किए जाएंगे, जिनमें मासिक धर्म स्वच्छता, गुड टच-बैड टच की पहचान, आत्मरक्षा के उपाय, महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े कानून तथा आपात स्थिति में सहायता के लिए महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 112, 1091 और 1098 जैसी जानकारियां सरल भाषा में दी गई हैं। संस्था का मानना है कि जागरूकता ही सशक्तिकरण की सबसे बड़ी शक्ति है। जब बालिकाएं अपने स्वास्थ्य, अधिकार और सुरक्षा के प्रति जागरूक होंगी, तभी एक सुरक्षित और सम्मानजनक समाज का निर्माण संभव होगा। सर्वधर्म सेवा संस्था ने समाज के सभी नागरिकों, शिक्षकों और अभिभावकों से इस अभियान में सहयोग करने और बालिकाओं के स्वास्थ्य, सम्मान और सुरक्षित भविष्य के निर्माण में सहभागिता निभाने की अपील की है। संस्था का यह प्रयास बालिकाओं की गरिमा, सुरक्षा और उज्ज्वल भविष्य के लिए समर्पित है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### एसपीएसबी इंटर स्टील टेनिस टूर्नामेंट में रोमांचक मुकाबले



**भिलाई।** सिविक सेंटर स्थित अंतरराष्ट्रीय टेनिस स्टेडियम में जारी एसपीएसबी इंटर स्टील टेनिस टूर्नामेंट में लीग मैचों के दौरान मंगलवार को रोमांचक मुकाबले हुए । पहले लीग मैच टाटा और आरएसपी के मध्य हुआ। जिसमें टाटा के जयंत ने आरएसपी के सुशांत कुमार को 8-0 से हराया। दूसरे सिंगल मैच में टाटा के विजय ने आर स पी के सत्यनारायण को 8-4 से हराया और खेले गए डबल्स मैच में टाटा के जयंत और रंजय की जोड़ी ने आरएसपी के देवाशीष और सत्यनारायण की जोड़ी को 8-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरा लीग मैच बीएसपी और वीआईएसल के मध्य हुआ जिसमें वीआईएसल के अरविंद ने बीएसपी के तुषार कांत को 8-2 हराया। दूसरे एकल मैच में वीआईएसल के सीता राम ने बीएसपी के कमल किशोर को टाइप ब्रेक में 8-7,7-2 से हराया और खेले गए डबल्स मैच में वीआईएसल के अरविंद और सीताराम की जोड़ी ने बीएसपी के कमल किशोर और अमित माथुर की जोड़ी को 8-2 से हराया। इस प्रकार वीआईएसल की टीम दूसरी सेमी फाइनलिस्ट टीम हुई। मंगलवार को खेले गए तीसरे लीग मैच में डीएसपी के दीपक ने आर आई एन एल के देवानंद को 8-4 से और आर आई एन एल के एस अविनाश ने डीएसपी के संजय सरकार को 8-6 से हराया । डबल्स मैच में आर आई एन एल के श्रीहर और एस अविनाश की जोड़ी ने डीएसपी के संजय सरकार और एस दीपक की जोड़ी को 8-5 से हराकर आरआईएनएल की टीम सेमी फाइनल में प्रवेश किया। शाम 4:00 बजे टाटा और आर आई एन एल तथा आईएसपी और वीआई एस एल के मध्य सेमीफाइनल मैच हुआ।

### तुषार के नॉट आउट 113 और सुंदरम के 65 रन



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वर्ग एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे राउंड के चौथे एवं अंतिम दिन शानदार मुकाबले हुए। दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में बीएसपी के विरुद्ध बल्लेबाजी में प्लेट कंबाइंड ने अपने कल के स्कोर दो विकेट पर 84 रन से आगे खेलते हुए दो विकेट पर 241 रन बनाकर यह मैच 8 विकेट से जीता एवं 6 अंक प्राप्त किए। तुषार चंद्राकर ने नॉट आउट 113 रन एवं श्रीयम सुंदरम ने नॉट आउट 65 रन बनाएं। गेंदबाजी बीएसपी भविष्य थपियाल एवं कार्तिक नायडू ने एक-एक विकेट लिए। चौथे राउंड के मैच 12 मार्च गुरुवार से खेले जाएंगे।

### भिलाई वॉरियर्स के विरुद्ध ओजी -11 की 6 विकेट से जीत



**भिलाई।** बीएसपी प्रीमियर लीग टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन भिलाई मजदूर संघ एवं बीपीएल कमेटी की ओर से संयुक्त रूप से किया जा रहा है। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 1 में पहले मैच में भिलाई वॉरियर्स के विरुद्ध ओजी -11 ने 6 विकेट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में भिलाई वारियर्स ने 10 ओवर में 8 विकेट पर 82 रन बनाए। इशांत पटेल 25 रन, सुधाकर ने 13 एवं सुरेश कुमार ने 10 रन बनाए। गेंदबाजी में ओजी 11 के मधु इक्का एवं अजय ने दो-दो विकेट लिए। एस मैथ्यू एवं श्रीनिवास ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में ओजी- 11 ने 7.25 ओवर में चार विकेट पर 83 रन बनाए। हिमांशु ने नॉट आउट 65 रन बनाए। गेंदबाजी में डकिन ने दो विकेट एवं सुरेश एवं एस मलिक ने एक-एक विकेट लिए। प्लेयर ऑफ द मैच हिमांशु रहे। दूसरा मैच भिलाई बॉयज विरुद्ध आयरन पैंथर्स के मध्य खेला गया। भिलाई बॉयस ने 12 रन से जीता। प्लेयर ऑफ द मैच विनय रहे। बल्लेबाजी में भिलाई बॉयज ने 10 ओवर में तीन विकेट पर 88 रन बनाए। विनय ने नॉट आउट 44 रन बनाए। श्रीनिवास राव ने 16 रन एवं प्रशांत ने 10 रन बनाए। गेंदबाजी में आयरन पैंथर्स के नीरज सूरज एवं नायक ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजीमें आयरन पैंथर्स ने 10 ओवर में 7 विकेट पर 76 रन बनाए। अश्विनी ने 28 रन एवं सूरज ने 17 रन बनाएं। गेंदबाजी में भिलाई बॉयज के तपन चौरे ने हैट्रिक के साथ तीन विकेट लिए। वहीं विनय ने दो तथा अभिषेक सिंह एवं राजीव रंजन ने एक-एक विकेट लिए। मैच के अंपायर हरिशंकर यादव ,विरेंद्र, भानु, हिमांशु एवं बिमलेश स्कोरर विनोद देवघरे, महेंद्र , भीम मीणा एवं कुलदीप कॉमेंटेटर गौरव थे।

### खुद से इलाज के लिए आने में कतराते हैं लोग, तेजी से बढ़े हैं ऐसे मामले

# मानसिक विकार को 'पागलपन' मानना सबसे बड़ी गलती, झिझक छोड़ करें उपचार की पहल

मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के मामले पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ते हुए देखे गए हैं, विशेषतौर पर कोरोना महामारी के बाद से इसकी दर में और भी बढ़ोतरी आई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, यह बड़े खतरे के रूप में उभरती समस्या है, जिसके बारे में सभी लोगों को जागरूक होना जरूरी है। मानसिक स्वास्थ्य की समस्या के कारण शारीरिक स्वास्थ्य का जोखिम भी बढ़ जाता है। दुर्भाग्यवश भारत में अब भी मानसिक स्वास्थ्य को लेकर लोगों में कलंक की भाव के कारण ज्यादातर लोगों में इसका समय रहते निदान नहीं हो पाता है।

देश में बढ़ते मानसिक रोगों के खतरे को लेकर हाल ही में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) जयपुर के अध्ययनकर्ताओं ने एक चौंकाने वाली रिपोर्ट प्रस्तुत की है। इसमें कहा गया है कि भारत में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के लिए स्व-रिपोर्टिंग दर काफी कम है। इसका मतलब है कि लोगों को इसके लक्षणों को पहचानने और खुद से निदान-इलाज के लिए जाने की दर कम है, जोकि निश्चित ही चिंताजनक है।

मानसिक बीमारियों की सेल्फ-रिपोर्टिंग की दर कम

नेशनल सैंपल सर्वे की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में मानसिक



बीमारियों की सेल्फ-रिपोर्टिंग की दर एक प्रतिशत से भी कम है। 555,115 प्रतिभागियों (325,232 ग्रामीण और 229,232 शहरी) पर किए गए शोध में पता चला कि भारत में अमीर आबादी की तुलना में कमजोर वर्ग के लोग मानसिक समस्याओं के इलाज के लिए खुद से नहीं जाते हैं।

शोधकर्ताओं ने बताया, भारत में मानसिक विकारों की सेल्फ-रिपोर्टिंग में कमी से पता चलता है कि मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों की पहचान करने और उनका निदान-उपचार प्राप्त करने में बड़ा अंतर है।

#### खुद से इलाज के लिए सामने न आने के पीछे कई कारण

अध्ययन में पाया गया कि मानसिक विकारों की प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लागत आर्थिक स्थिति को खराब कर सकती है। दिलचस्प बात यह है कि मानसिक विकारों के कारण अस्पताल में भर्ती होने वाले केवल 23 प्रतिशत व्यक्तियों के पास राष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य बीमा कवरेज था। लोगों का अस्पतालों में न जाने या खुद से इलाज के लिए सामने न आने का एक कारण मानसिक स्वास्थ्य उपचार पर होने वाला मोटा खर्च भी माना जा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया, शोध का निष्कर्ष मानसिक विकारों के बोझ को कम करने के लिए रणनीति तैयार



करते समय स्थानीय, सामाजिक-जनसांख्यिकीय संदर्भ को समझने के महत्व पर जोर देता है।

#### क्या कहते हैं मनोचिकित्सक?

भोपाल स्थित वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ सत्यकांत त्रिवेदी कहते हैं, मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की सेल्फ रिपोर्टिंग में कमी के लिए स्टिग्मा को प्रमुख कारक माना जा सकता है। पिछले कुछ वर्षों में लोगों में मेंटल हेल्थ को लेकर जागरूकता काफी बढ़ी है, फिर भी कलंक का भाव



बड़ी संख्या में लोगों को मदद प्राप्त करने से रोकती है। डॉक्टर कहते हैं, ज्यादातर लोगों में ट्रीटमेंट गैप (समस्या शुरू होने से लेकर पहली बार डॉक्टर से मिलने तक का समय) दो से तीन साल का देखा जा रहा है। इस दिशा में विशेष सुधार की आवश्यकता है क्योंकि मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का सीधा असर क्वालिटी ऑफ लाइफ पर होता है। समय पर रोग की पहचान और इलाज होने से समस्या में सुधार करने में मदद मिल सकती है।

#### मेंटल हेल्थ को 'हेल्थ' का हिस्सा मानना होगा

डॉक्टर सत्यकांत कहते हैं, मेंटल हेल्थ, देश में हेल्थ का हिस्सा ही नहीं माना जाता है। इसके अलावा सोशल स्किल्स भी हमारे ट्रेनिंग का हिस्सा नहीं है। यह भी लोगों को समय पर डॉक्टर तक पहुंचने से रोकती है। जब तक हम मानसिक स्वास्थ्य की जरूरतों के बारे में नहीं समझेंगे, इसके इलाज के लिए लोगों का खुद से सामने आना कठिन है।



## रहना है अधिक फोकस्ड, तो अपनाएं ये ईटिंग हैबिट्स

किसी भी काम को करने के लिए पूरा फोकस होना बेहद जरूरी होता है। हालांकि, अक्सर लोग बार-बार ध्यान भटकने की शिकायत करते हैं। ऐसे में अब आपको अपनी ईटिंग हैबिट्स पर भी ध्यान देना चाहिए। क्या आपको अपने काम पर फोकस करने में परेशानी होती है? क्या कोई भी काम करते हुए आपका मन भटकता है? क्या काम करते हुए भी आप अन्य कई चीजों के बारे में सोचते हैं? क्या आपको ऐसा लगता है कि अब आप चीजें भूलने लगे हैं? अगर इन सभी सवालों के जवाब हां हैं तो इसका मतलब है कि कहीं ना कहीं आपकी ब्रेन पावर कमजोर हो रही है।

ऐसे में जरूरी होता है कि अब आप अपने फूड और ईटिंग हैबिट्स पर ध्यान दें। खाना सिर्फ आपके शरीर ही नहीं, बल्कि दिमाग को भी पोषित करता है। इसलिए, आप जो भी खाते हैं, आपका शरीर व दिमाग उसी तरह काम करता है। ऐसे में जब आप अपनी ईटिंग हैबिट्स को हेल्दी बनाते हैं तो इससे आपको अधिक फोकस रहने में मदद मिलती है। तो चलिए आज इस लेख में सेंट्रल गवर्नमेंट हॉस्पिटल के ईएसआईसी अस्पताल की डाइटीशियन रितु पुरी आपको कुछ ऐसी ही ईटिंग हैबिट्स के बारे में बता रही हैं, जो आपको अधिक फोकस रहने में मदद करेंगी-

#### लें बैलेंस्ड डाइट



अगर आप सच में चाहते हैं कि आप माइंड बेहतर तरीके से काम करे और आप अपने काम में अधिक फोकस हों तो आपको बैलेंस डाइट लेना शुरू कर देना चाहिए। इसमें कई तरह के फल, सब्जियों, साबुत अनाज, लीन प्रोटीन और हेल्दी फैट्स को शामिल किया जाता है। इनमें ओमेगा-3 फैटी एसिड से लेकर एंटी-ऑक्सीडेंट, विटामिन और मिनरल्स आदि शामिल होते हैं, जो ब्रेन फंक्शनिंग को बेहतर बनाते हैं।

#### लें रेग्युलर मील्स

अगर आपको मील स्किप करने की आदत है या फिर आप समय से अपना मील नहीं लेते हैं तो अपनी इस आदत को आज ही बदलें। आप दिन भर में छोटे-छोटे मील्स लें। इससे आपको ब्लड शुगर लेवल को स्टेबलाइज करने में मदद मिलती है। ऐसे में आपको एनर्जी क्रैश की शिकायत नहीं होती है और खुद को अधिक फोकस महसूस करते हैं। मील स्किप करने या फिर बहुत देर तक बिना खाए रहने से चिड़चिड़ापन, थकान के साथ-साथ फोकस रहने में भी परेशानी हो सकती है।

#### रहें हाइड्रेटेड

अगर आप अपने ब्रेन फंक्शनिंग को बेहतर बनाए रखना चाहते हैं तो ऐसे में आपको अपने आहार के साथ-साथ हाइड्रेशन का ख्याल भी रखना चाहिए। हालांकि, अधिकतर लोग इस ओर ध्यान नहीं देते हैं। जब आपका शरीर डिहाइड्रेटेड होता है तो इससे कॉग्निटिव परफार्मेंस पर भी नेगेटिव असर पड़ता है। जिससे आपको अपने काम में ध्यान लगाने में समस्या हो सकती है। इसलिए, खुद को हाइड्रेटेड रखने की कोशिश करें और दिनभर में कम से कम 8-10 गिलास पानी अवश्य पीएं।

#### कम लें शुगरी फूड्स



अगर आपको मीठा खाना बेहद ही पसंद है तो अब आपको अपनी इस आदत को बदलने की जरूरत है। आप फलों से मिलने वाली नेचुरल शुगर ले सकते हैं। लेकिन आर्टिफिशियल शुगर व शुगरी कार्बोनेटेड ड्रिंक्स से आपको बचना चाहिए।

## फड़क रही आंख तो अपशकुन नहीं, शरीर में हो सकती है इनकी कमी

आंखों के फड़कने को लोग अक्सर शकुन और अपशकुन से जोड़ते हैं। लेकिन अगर इसे सेहत के लिहाज से समझा जाए तो यह शरीर में जरूरी न्यूट्रिएंट्स की कमी की ओर इशारा करती है।

#### आंख फड़कने का कारण

आंख फड़कने को शकुन-अपशकुन से जोड़ने के बजाय इसे साइंस के आधार पर समझें। एक्सपर्ट के मुताबिक, शरीर में पानी की कमी इसका एक कारण हो सकती है। इसके अलावा आंखों का सूखापन भी इसके लिए जिम्मेदार हो सकता है। मैग्नीशियम, कैल्शियम, पोटेशियम, विटामिन बी 12 और विटामिन डी की कमी भी इसकी वजह हो सकती है।

**आंख फड़कने से बचने के लिए डाइट में शामिल करें ये जरूरी न्यूट्रिएंट्स**

अगर आपकी आंख अक्सर फड़कती है, तो शरीर में पानी की कमी न होने दें। साथ ही, आंखों को भी ड्राई न रखें। विटामिन-डी (विटामिन-डी की कमी कैसे दूर करें), ब्रेन के मैसेज को मसल्स तक पहुंचाने में नर्व सेल्स की मदद करता है। इसकी कमी होने पर दूध और डेयरी प्रोडक्ट्स को डाइट में शामिल करें। इसके अलावा सूरज की रोशनी में बैठें। मैग्नीशियम नर्व



और मसल्स फंक्शन को रेगुलेट करने में मदद करता है। हरी पत्तेदार सब्जियां, साबुत अनाज, नट्स और सीड्स मैग्नीशियम का अच्छा सोर्स है। कैल्शियम नर्व ट्रांसमिशन और मसल्स के सही तरह से काम करने के लिए जरूरी होता है। दूध, दूध से बने प्रोडक्ट्स, रागी और तिल के बीजों में कैल्शियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है। पोटेशियम नर्व सिग्नल को रेगुलेट करने का काम करता है। केला, संतरा, आलू, शकरकंदी और हरी पत्तेदार सब्जियां पोटेशियम का अच्छा सोर्स है। तो अगली बार आंख फकड़ने को शकुन-अपशकुन से जोड़ने से पहले इन बातों पर ध्यान दें।

## मंदिर से लौटते भूलकर भी न करें ये गलतियां

लगभग सभी पूजा में एक नियम होता है, लेकिन पूजा करते वक्त कई बार व्यक्ति से जाने-अनजाने में ऐसी गलतियां हो जाती है। जिससे व्यक्ति को समस्यओं का भी सामना करना पड़ जाता है। अब ऐसे में पूजा से संबंधित बातों के बारे में जानना बेहद जरूरी है।



#### मंदिर में जल का लोटा ले जाते समय रखें इन बातों का ध्यान

जब भी मंदिर में पूजा करने जा रहे हैं, तो इस बात का खास ध्यान रखना चाहिए कि जल से भरा लोटा अपने साथ जरूर लेकर जाना चाहिए। साथ ही मंदिर में स्थित पीपल के पेड़ में भी जल अर्पित करना चाहिए, लेकिन इस बात का खास ध्यान रखें कि जल में कुछ दानें चावल के भी होने चाहिए और चावल (चावल के उपाय) कभी खंडित नहीं होने चाहिए। इससे अशुभ परिणाम मिल सकता है। इसलिए इस बात का खास ध्यान रखें।

#### कभी खाली लोटा घर लेकर न जाएं

मंदिर में जल अर्पित करने के बाद गलती से भी घर खाली लोटा लेकर नहीं जाना चाहिए। इससे घर की तरक्की रुक सकती है। इसलिए जल अर्पित करने के बाद थोड़ा सा जल लोटे में अवश्य बचाकर रखें। यदि सारा जल अर्पित कर दिए हैं, तो मंदिर में मौजूद नल से लोटे में थोड़ा सा जल जरूर भर लें। इसके बाद घर वापस आकर मुख्य द्वार पर दोनों कोने में जल डालें, फिर पूरे घर में उस जल की छीटें मारें।

वास्तु शास्त्र के अनुसार ऐसा कहा जाता है कि इसे करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो सकता है और व्यक्ति के सभी बिगड़े काम बनने लग जाते हैं। वास्तु के अनुसार जल के लोटे से जुड़े इस नियम का पालन नहीं करता है, उसे आर्थिक तंगी का भी सामना करना पड़ सकता है। इसलिए इन बातों का खास ध्यान रखें।

ज्योतिष के अनुसार, ऐसा कहा जाता है कि जो व्यक्ति जो व्यक्ति मंदिर से खाली लोटा घर लेकर आता है, तो उस परिवार में कभी सुख-शांति का आगमन नहीं होती है और इसका अशुभ प्रभाव व्यक्ति के जीवन पर भी पड़ता है और माता लक्ष्मी (मां लक्ष्मी मंत्र) भी नाराज हो सकती हैं। इसलिए इन बातों का विशेष ध्यान रखें।

कार्नर न्यूज

### भागदौड़ की जिंदगी में राहत का एक रास्ता यह भी


# तनाव के सुकून में बदल रही साउंड बाथ थेरेपी, मिनटों में मिल रही राहत

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव आम समस्या बन चुकी है। व्यस्क लोगों के साथ ही युवा और किशोर भी इसका तेजी से शिकार बन रहे हैं। देखा जाए तो इससे निजात के लिए आजकल मेडिटेशन की कई सारी तकनीक भी प्रचलन में हैं, ऐसे में यह जानना और समझना जरूरी है कि इनमें से कौन-सी तकनीक अधिक कारगर है। दरअसल, तनाव से निजात के लिए वही तकनीक अधिक कारगर साबित होती है जो असल में व्यवहारिक हो।

ऐसी एक उपयोगी और व्यावहारिक उपचार विधि के बारे में हम आज यहां आपको बताने जा रहे हैं। दरअसल, हम बात कर रहे हैं 'साउंड बाथ थेरेपी' की जो स्ट्रेस रिलीफ थेरेपी के रूप में आजकल ट्रेंड में हैं। हालांकि बहुत सारे लोगों को अभी इसके बारे में पूरी जानकारी नहीं हैं, इसलिए इस आर्टिकल में हम आपको इस बारे में पूरी जानकारी देने का प्रयास कर रहे हैं।

#### क्या है साउंड बाथ थेरेपी?

गाजियाबाद की वेलनेस कोच और साउंड हीलर प्रदीप्ति शर्मा बताती हैं कि 'साउंड बाथ थेरेपी' भले ही भारत में इन दिनों चर्चाओं में आई हो, पर असल



में यह हजारों साल पुरानी थेरेपी है। लगभग 40 हजार साल पहले यूनानी और तिब्बती लोग, सिंगिंग बाउल से उत्पन्न ध्वनि का इस्तेमाल मानसिक शांति के लिए किया करते थे। तब से यह पद्धति अलग-अलग देशों में अलग-अलग रूपों में प्रयोग में लाई जा रही है। आधुनिक दौर में इसका परिष्कृत रूप 'साउंड बाथ थेरेपी' के रूप में सुर्खियों में है।

#### कैसे काम करती है यह थेरपी?

असल में यह तकनीक, खास तरह की ध्वनि के जरिए आपके मन-मस्तिष्क को सराबोर कर उसे तनाव से मुक्ति प्रदान करती है। बड़े शहरों में बहुत सारे स्पा सेंटर हैं जो कि इस तरह की माइंड हीलिंग थेरेपी की सर्विस देते हैं। यह थेरेपी लगभग 45 से 60 मिनट यानी कि एक घंटे की अवधि की होती, जिसके अंतर्गत तनाव से पीड़ित व्यक्ति को शांत जगह में लिटाकर उसे खास तरह की ध्वनि और आवाजें सुनाई जाती हैं।

इसमें प्रतिभागी व्यक्ति को योगा मैट पर लिटाकर सबसे पहले उसे आरामदायक स्थिति में लाया जाता है। फिर उसे खास तरह के उपकरणों से उपजी ध्वनि सुनाई जाती है। जैसे कि इस थेरेपी में सिंगिंग बाउल, गोंग और ट्यूनिंग फोर्क से ध्वनि उत्पन्न की जाती है। इन सभी ध्वनि उपकरणों के माध्यम से अलग-अलग आवृत्ति की ध्वनि उत्पन्न कर मस्तिष्क पर सकारात्मक प्रभाव डालने की कोशिश की जाती है। दरअसल, विशेष तरह की ध्वनि आवृत्ति दिमाग को न सिर्फ शांत रखने में मददगार होती है बल्कि इससे मन-मस्तिष्क में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 5000 करोड़ की कमाई करने वाली ब्रैड पिट की फिल्म का बनेगा सीक्वल



हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता ब्रैड पिट की फिल्मों को लेकर भारत में भी जबरदस्त क्रेज नजर आता है। अब खबर आ रही है कि पिट की एक ब्लॉकबस्टर फिल्म का दूसरा पार्ट आने वाला है, जिस पर मेकर्स ने मुहर लगा दी है। हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेताओं के बारे में जिक्र किया जाए तो उसमें ब्रैड पिट का नाम भी शामिल रहता है। अपने एक्टिंग करियर में बुलेट ट्रेन, मिस्टर एंड मिसेज स्मिथ और वॉर मशीन जैसी कई सफल फिल्में देने वाले ब्रैड पिट की अगली मूवी को लेकर इस वक्त अहम खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि हॉलीवुड सुपरस्टार की जिस फिल्म ने दुनियाभर में 5 हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार किया, अब उसका दूसरा पार्ट बनने जा रहा है। हाल ही में मेकर्स ने इसकी आधिकारिक पुष्टि की है। आइए जानते हैं कि वह कौन सी फिल्म है- हॉलीवुड फिल्मों को लेकर इंडियन ऑडियंस में भी जबरदस्त क्रेज नजर आता है और अगर वह फिल्म ब्रैड पिट की हो तो ये उत्सुकता दोगुनी हो जाती है। अभिनेता की जिस फिल्म के बारे में इस लेख में बात की जा रही है, उसे बीते साल सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था और वह कमर्शियल तौर पर ऑल टाइम ब्लॉबस्टर साबित हुई। फिल्म का नाम एफ1 है। जी हां स्पोर्ट्स ड्रामा एफ 1 का अब सीक्वल आएगा, इसकी पुष्टि फिल्म के प्रोड्यूसर ब्रुकहाइमर ने की है। दरअसल ब्रुक ने हाल ही में बीबीसी को एक लेटेस्ट इंटरव्यू दिया है और इस दौरान उन्होंने ब्रैड पिट स्टारर एफ 2 पर चर्चा की है और बताया है- फिलहाल हम पार्ट 2 के तौर पर इस पर काम कर रहे हैं।

### टॉलीवुड

## 'चिरिकी चिरिकी' के 200+ मिलियन व्यूज के बाद 'पेड्डी' का दूसरा गाना 'रई रई रा रा'



राम चरण और जाह्नवी कपूर की अपकमिंग फिल्म 'पेड्डी' के पहले गाने 'चिरिकी चिरिकी' के 200+ मिलियन व्यूज पार करने के बाद मेकर्स ने दूसरा धमाका कर दिया है। राम चरण का जोश से भरा दूसरा सिंगल 'रई रई रा रा' अब तहलका मचा रहा है।

राम चरण और जाह्नवी कपूर की अपकमिंग फिल्म 'पेड्डी' का दूसरा गाना तहलका मचाने आ गया है। इस फिल्म के पहले गाने 'चिकिरी चिकिरी' के 200 मिलियन से ज्यादा व्यूज पार (अलग-अलग भाषाओं में) करने के बाद, मेकर्स ने अब जोश से भरा दूसरा सिंगल 'रई रई रा रा' रिलीज कर दिया है। राम चरण के अलावा जगपति बाबू स्टारर ये फिल्म 'पेड्डी' 2026 की सबसे चर्चित और मोस्ट-अवेटेड फिल्मों में से एक मानी जा रही है। डायरेक्टर बुची बाबू सना के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में जाह्नवी कपूर भी राम चरण के साथ नजर आएंगी। इस को लेकर शुरुआत से ही जबरदस्त बज और एक्साइटमेंट बना हुआ है। फिल्म का पहले गाने, 'चिकिरी चिकिरी' के इंटरनेट पर धमाल मचाने के बाद देखते ही देखते ये फैन्स का फेवरेट बन गया। सभी प्लेटफॉर्म पर 200 मिलियन से ज्यादा व्यूज पार करने के साथ ही ये साल के सबसे बड़े गानों में से एक बनकर उभरा है। 'चिकिरी चिकिरी' की जबरदस्त कामयाबी के बाद, मेकर्स ने इस फिल्म का दूसरा गाना 'रई रई रा रा' रिलीज कर दिया है। यह ट्रैक एक और हाई-एनर्जी एंथम है, जिसमें राम चरण ने एक बार फिर अपने शानदार डांस मूव्स, स्टाइल और स्वैग के साथ दिख रहे हैं। उनके डांस को देखकर यकीन हो जाता है कि उन्हें भारतीय सिनेमा के सबसे बेहतरीन डांसर्स में क्यों गिना जाता है। वहीं उनके इस जादू को और बढ़ा रहा है ए. आर. रहमान का म्यूजिक, जिनका कंपोजिशन थिरकाने के लिए मजबूर कर देने वाला है।

### भोजपुरी

## रानी पालकी में बैठकर लेती हैं एंट्री, ठाकुरों को ला देती है घुटनों पर



भोजपुरी सिनेमा की क्वीन रानी चटर्जी अब डाकू बागी ज्वाला बनकर आई हैं। इस शो में रानी की एंट्री पालकी में बैठकर होती है, जो महल में घुसते ही ठाकुरों को घुटनों पर ला देती है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ झलकियां शेयर की हैं और लिखा है- बागी ज्वाला रानी आ गई है हवेली में... आखिर क्या चाहती है ठाकुरों से? भोजपुरी क्वीन रानी चटर्जी भले ही फिल्मों में सीधी-साधी बहू के किरदार में नजर आती हैं, लेकिन टीवी सीरियल में उन्हें हमेशा ही निगेटिव किरदार निभाने के लिए दर्शकों का ढेर सारा प्यार मिला है। अब टीवी के एक और सीरियल में रानी डाकू बनकर छा गई हैं। वो घेवर और ठाकुरों से अपना पुराना बदला लेने के लिए आई हैं। एक्ट्रेस ने अपने नए किरदार को लेकर वीडियो शेयर किया है। रानी चटर्जी की एंट्री 'सन नियो टीवी चैनल' के सीरियल 'प्रथाओं की ओढ़े चुनरीः बींदणी' में हो गई है। रानी ने सीरियल का नया प्रोमो शेयर किया है, जिसमें वे बीहड़ की डाकू बागी ज्वाला बनकर आई हैं। एक्ट्रेस ने डाकुओं की तरह गहरे रंग के कपड़े पहने हैं, माथे पर लाल पट्टी और हाथ में बंदूक ले रखी है। रानी की एंट्री पालकी में बैठकर होती है, जो महल में घुसते ही ठाकुरों को घुटनों पर ला देती है। घेवर भी बागी ज्वाला के सामने गिड़गिड़ाने लगती हैं। शो के नए प्रोमो को देख फैंस का उत्साह बढ़ चुका है। रानी ने सीरियल का नया प्रोमो शेयर करते हुए लिखा, 'बागी ज्वाला रानी आ गई है हवेली में... आखिर क्या चाहती है ठाकुरों से? 'प्रथाओं की ओढ़े चुनरीः बींदणी' की बात करें तो ये सीरियल अगस्त से शुरू हुआ था। सीरियल में घेवर (गौरी शेलगांवकर) और राजघराने का कुंवर कुंदन (आकाश जग्गा) की कहानी दिखाई गई है।




सूट का ट्रेंड

सूट अब पहले जैसे नहीं रहे, और यह अच्छी बात है। सादे कपड़े पहनना, घर से काम करना, आराम पसंद करना और बोल्ड स्टाइल ने सूट पहनने का मतलब ही बदल दिया है। सैविल रो के साथ, सूटिंग में पारंपरिकता अभी भी शादी के दिनों और अंतिम संस्कार के लिए काम करती है। और अकाउंटेंट के लिए भी। बाकी सब चीज़ों के लिए, कुछ नए आइडिया का स्वागत करने का समय आ गया है।

## काले घेरे और थकी हुई आंखों को मिलेगी ठंडक

काले घेरे और थकी-बुझी से आंखें क्या आपको भी बीमार-सा फील करवाती हैं? स्ट्रेस और नींद न पूरी होने के कारण आपकी आंखों के आसपास पफीनेस हो जाती है। आप घर पर ही नेचुरल नरिशिंग कूलिंग मास्क बना सकते हैं और इसे अपने आंखों पर लगाकर आंखों की थकान और काले घेरे से छुटकारा पा सकते हैं।



### गुलकंद और ठंडे दूध का आई मास्क

गुलकंद सिर्फ खाने के लिए ही नहीं, बल्कि त्वचा को ठंडक पहुंचाने के लिए भी बेहतरीन होता है। यह आंखों की जलन और थकान को दूर करने में मदद करता है। दूध में मौजूद लैक्टिक एसिड त्वचा को हल्का करता है और डार्क सर्कल्स कम करता है।

**कैसे बनाएं:** एक चम्मच गुलकंद को 2 चम्मच ठंडे दूध में मिलाएं। इसमें कॉटन पैड भिगोकर आंखों पर रखें। 15-20 मिनट बाद ठंडे पानी से धो लें।

### गाजर और नारियल पानी का आई मास्क

गाजर में मौजूद विटामिन-ए और एंटीऑक्सीडेंट त्वचा को पोषण देते हैं, जबकि नारियल पानी त्वचा को ठंडक और नमी प्रदान करता है।

**कैसे बनाएं:** गाजर को कद्दूकस करें और उसमें 2 चम्मच नारियल पानी मिलाएं। इस मिश्रण को ठंडा करके आंखों पर रखें। 15 मिनट बाद ठंडे पानी से धो लें।

### तुलसी और शहद का आई मास्क

तुलसी में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो आंखों की जलन को कम करने में मदद करते हैं, जबकि शहद त्वचा को नरिश करता है।

**कैसे बनाएं:** कुछ तुलसी के पत्तों को पीसकर उसमें 1 चम्मच शहद मिलाएं। इसे हल्का ठंडा करके आंखों के नीचे लगाएं। 10-15 मिनट बाद धो लें।

### केसर और ठंडे दूध का आई मास्क

केसर अपनी एंटीऑक्सीडेंट और स्किन ब्राइटनिंग प्रॉपर्टीज के लिए जाना जाता है। जब इसे ठंडे दूध के साथ मिलाया जाता है, तो यह आंखों को गहराई से पोषण देता है और डार्क सर्कल्स को हल्का करने में मदद करता है।

## ऑफिस में है त्यौहार का माहौल, तो ट्राई करें लाइट कलर के कुर्ता प्लाजो सेट







अक्सर ऐसा होता है कि कुछ त्यौहार बीत जाने के बाद भी माहौल बनाए रखते हैं। इन दिनों होली को लेकर ऐसा ही माहौल है। आपके ऑफिस में भी होली के बाद का इवेंट ऑर्गनाइज हो रहा है और ऐसे में आप आउटफिट को लेकर परेशान हैं, तो आप कुर्ता प्लाजो और दुपट्टे सेट को कैरी कर सकती हैं। इन्हें पहनकर आप भी अपनी खूबसूरती में रंग भर सकती हैं।

अगर आपके ऑफिस में भी ऐसा ही कुछ फंक्शन रखा गया है और आप आउटफिट को लेकर काफी परेशान हैं, तो अब आपको फिक्र करने की जरूरत नहीं है। हम आपको कुछ ऐसे लाइट कलर के कुर्ता प्लाजो सेट बताएंगे, जिसे पहनकर आप अपने ऑफिस में होने वाले इवेंट के दौरान अपना जलवा बिखेर सकती हैं। आइए जानते हैं उन आउटफिट्स के बारे में।

### पहने ये आउटफिट

अगर आप भी ऑफिस में होने वाले इवेंट पर खूबसूरत दिखना चाहती हैं, तो आपके लिए लाइट कलर का मंदारिन कॉलर स्ट्रेट कुर्ता प्लाजो सेट एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। आप इसके साथ झुमके वियर कर सकती हैं और अपने बाल को स्ट्रेट रख सकती हैं।

### ए-लाइन कुर्ता प्लाजो सेट

ऑफिस में त्यौहार से जुड़ा कोई इवेंट है, तो आप लाइट कलर का गोल गले वाला सीक्विन्ड ए-लाइन कुर्ता प्लाजो और दुपट्टे के साथ तैयार सेट भी वेयर कर सकती हैं। इसमें न केवल आप स्टाइलिश लगेंगी बल्कि आप इस ड्रेस को पहनकर कंफर्टेबल महसूस करेंगी। आपको यह ड्रेस ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगी। इस ड्रेस के साथ आप गोल्डन कलर के एक्सेसरीज कैरी कर सकती हैं। यही नहीं इस कुर्ता प्लाजो सेट के साथ आप हील्स भी शामिल कर सकती हैं।

## रिंग्स पहनने का है आपको भी शौक, तो पहने ये खूबसूरत

अगर आपको भी फिंगर रिंग्स का बेहद शौक हैं, तो अब आपको लेटेस्ट रिंग्स तलाश करने की जरूरत नहीं हैं। आप इन खूबसूरत रिंग सेट को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आप अपने हाथों की खूबसूरती को बढ़ा सकती हैं।



### गोल्ड प्लेटेड ऐडजेस्टबल फिंगर रिंग सेट


अगर आपको भी रिंग्स पहनने का शौक हैं, तो आप ये खूबसूरत 8 गोल्ड प्लेटेड एडजेस्टेबल फिंगर रिंग सेट कैरी कर सकती हैं। इसमें आप बेहद खूबसूरत लगेंगी। साथ ही अपने लुक को स्टाइलिश भी बना सकेंगी। आपकी इन अंगूठी सेट को देख कर हर कोई आपकी तारीफ करेगा। आप इस रिंग सेट को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं। आपको ऑनलाइन ये रिंग सेट केवल 305 रुपए में मिल जाएगा।

### सिल्वर प्लेटेड रिंग सेट

अगर आप भी अपने ऑफिस या कॉलेज में रिंग सेट पहनकर जाना चाहती हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं हैं। आप इस स्टाइलिश सिल्वर प्लेटेड 15 बोहो विंटेज स्टाइल रिंग सेट को शामिल कर सकती हैं। ये सभी फिंगर रिंग आपकी उंगलियों को खूबसूरत और स्टाइलिश बनाने में मदद करेगी। आप इस रिंग सेट को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से खरीद सकती हैं।

## आलू और टमाटर के जूस से पाएं बेदाग और ग्लोइंग स्किन

बेदाग और ग्लोइंग स्किन पाने के लिए महिलाएं कई सारे स्किन केयर रूटीन फॉलो करती हैं। साथ ही, कई सारे प्रोडक्ट्स का भी इस्तेमाल करती हैं। लेकिन, अगर आप इस खर्च को बचाना चाहती हैं और सस्ते में बेदाग और ग्लोइंग स्किन पाना चाहती हैं तो आलू और टमाटर के जूस की मदद से आप बेदाग और ग्लोइंग स्किन पा सकती हैं।



### त्वचा के लिए फायदेमंद है आलू का जूस

आलू में कई सारे गुण होते हैं साथ ही, इसमें विटामिन सी, पोटैशियम और एंटीऑक्सीडेंट भी भरपूर मात्र में होता है। ये सभी गुण त्वचा की चमक बढ़ाने, काले दाग-धब्बों को दूर करने साथ ही, सनबर्न और पिगमेंटेशन को हल्का करने में मददगार हैं।

### काले धब्बों और पिगमेंटेशन के लिए करें आलू के रस का इस्तेमाल

आलू को कद्दूकस करें और इसका रस निकाल लें। इसे काले धब्बों वाली जगहों पर अप्लाई करें। 15-20 मिनट के बाद गुनगुने पानी से धो लें। इस उपाय को हफ्ते में 3-4 बार करें।

### त्वचा को हाइड्रेट करने के लिए आलू और शहद का फेस पैक

2 बड़े चम्मच आलू के रस में 1 छोटा चम्मच शहद मिलाएं। इसे चेहरे अप्लाई करें और 20 मिनट के लिए ठंडे पानी से धो लें। सप्ताह में 2-3 बार उपयोग करें। त्वचा को चमकदार बनाने के लिए आलू और नींबू का रस, 1 बड़ा चम्मच आलू के रस में छोटा चम्मच नींबू का रस मिलाएं। कॉटन पैड की मदद से त्वचा पर लगाएं और 10-15 मिनट के बाद पानी से धो लें। इसे सप्ताह में 2 बार उपयोग करें।

### कार्नर न्यूज

### अपने पहनावे को बदल कर छिपा सकते हैं पेट

## फैशन के शौकीनों के लिए बाधा है बाहर निकला पेट, शर्माने के बजाए बदल दें अंदाज

पेट बाहर निकलने के कई कारण हो सकते हैं। बैली फेट भले ही दिक्कत न दे रहा हो लेकिन कपड़े पहनने के बाद लुक पर असर दिखता है। इसलिए क्यों न बैली फैट वाले पुरुष अपने कपड़े पहनने की स्टाइल को बदलकर देखें। शायद उनका बाहर निकला पेट कम दिखे या देखने में अच्छा लगे।

हां, ऐसा हो सकता है। यह कोई मुश्किल काम नहीं है। भले ही आप बैली फैट (Belly Fat) को कम नहीं करना चाहते हैं। लेकिन, आप अपने पेट को दिखाना नहीं चाहेंगे। शायद ही कोई लड़का अपने पेट को टी-शर्ट या शर्ट से बाहर की ओर, बटनों के बीच से झांकता हुआ दिखाना चाहेगा। कोई भला ऐसा क्यों करना चाहेगा, क्योंकि ये एक प्रकार की फैशन मिस्टेक है।

इसलिए आज हम बैली फैट वाले लड़कों को स्टाइलिंग टिप्स देंगे। इन टिप्स की मदद से वे अपने ड्रेस को सही तरीके से कैरी कर सकेंगे। उनको बिना पेट कम किए ही ये फायदा मिलने वाला है। चलिए हम बैली फैट मेंस के ड्रेसिंग आइडियाज पर बात कर लेते हैं-



### नो बॉडी शेमिंग मैन!

बॉडी के शेप और साइज को लेकर कई तरह के कॉमेंट सुनने को मिलते हैं। कई लोग तो पहले से ही अवधारणा बना लेते हैं कि मेरा पेट निकला है, मैं अच्छा नहीं दिखूंगा, लड़कियां मुझे पता नहीं क्या समझती होंगी आदि इत्यादि। अगर आप भी ऐसा सोचते हैं, तो सबसे पहले लोगों की बातों का परवाह करना छोड़ दें। लोगों की बातों से ज्यादा महत्वपूर्ण है कि आप क्या चाहते हैं। इसलिए अगर आपको बिग बैली पसंद है तो खुद का मनोबल न गिराएं। क्योंकि अच्छे लुक के लिए अच्छी ड्रेसिंग सेंस के साथ-साथ आत्मविश्वास भी उतना ही जरूरी है।

### अपनी पसंद को दें प्राथमिकता

चाहे कोई रंग हो या बॉडी शेप, हर व्यक्ति हर तरह के कपड़े पहन सकता है। इसके लिए कोई रोक नहीं सकता है। इसलिए हम चाहेंगे कि आपको जो पसंद हो उसे पहनें। लेकिन उसको पहनने का तरीका इंप्रूव करें। जहां पर मिस्टेक हो रही है वहां पर सुधार करें।

अगर आपको कोई कहता है कि शर्ट न पहनें, टी-शर्ट न पहनें, ये न पहनें वो न पहनें तो ऐसी बातों से दूर रहें। आपको जो पसंद है उसे पहनें। चलिए अब हम उनको सही तरीके से कैरी करने की बात जान लेते हैं।

### टाइट फिट ड्रेस पहनने से बचें

कई लोगों को बहुत अधिक टाइट ड्रेस पहनने की आदत होती है। खासकर वे लोग टॉप वियर्स जैसे- टी-शर्ट, शर्ट या कुर्ता टाइट फिट पहनते हैं। इस वजह से उनकी ड्रेस पेट के पास आकर खिंचती है। कई बार ऊपर की ओर उठ जाती है। देखने पर टंगी हुई मालूम होती है। इस तरह की गलती से बचने के लिए टाइट फिटिंग ड्रेस को पहनने से बचें। आप कभी भी लूज फिटिंग टी-शर्ट, शर्ट या कुर्ता पहनें।

